डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 163 | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार, 23 मई 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये




## बड़े पर्दे पर दिखेगी भारत के 'मिसाइल मैन' की कहानी

● धनुष निभाएंगे डॉ. अब्दुल कलाम का रोल, 'तानाजी' फेम ओम राउत करेंगे निर्देशन

**मुंबई (एजेंसी)।** कान्स फिल्म फेस्टीवल 2025 में एक बेहद खास फिल्म का ऐलान हुआ है। इस फिल्म में भारत के 11वें राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जिंदगी को बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। इस फिल्म में नेशनल अवॉर्ड विनर और साउथ के सुपरस्टार धनुष डॉ. कलाम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन ओम राउत करेंगे, जिन्होंने 'तानाजी- द अनसंग वॉरियर' जैसी फिल्म बनाई है। वहीं, फिल्म को अभिषेक अग्रवाल (द कश्मीर फाइल्स फेम) और टी-सीरीज के भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। रॉकेट साइंटिस्ट से राष्ट्रपति बनने का सफर गौरतलब है कि डॉ. कलाम का जीवन



एक प्रेरणा है। रामेश्वरम के एक सामान्य परिवार से निकलकर उन्होंने इसरो और डीआरडीओ जैसी संस्थाओं में बड़ा योगदान दिया। मिसाइल प्रोग्राम में अहम भूमिका निभाई और भारत को न्यूक्लियर ताकत बनाया। बाद में वे देश के राष्ट्रपति बने और हमेशा लोगों के बीच रहे। अब कलाम का किरदार निभाएंगे धनुष धनुष ने अब तक कई बेहतरीन किरदार निभाए हैं। उनकी असुरन, मारी, वेलैला पट्टाधारी (वीआईपी) जैसी फिल्में साउथ सिनेमा में ब्लॉकबस्टर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड में भी रांझणा में अपने किरदार ने सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने अतरंगी रे में भी काम किया। फिल्म को लेकर ओम राउत का कहना है कि इस फिल्म को बनाना उनके लिए एक कलात्मक चुनौती और सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। फिल्म की स्क्रिप्ट और मेकिंग इस फिल्म की स्क्रिप्ट साइविन क्वाड्रास ने लिखी है, जिन्होंने नीरजा, मैदान और परमाणु जैसी बायोपिक लिखी हैं। एक शायर, शिक्षक और सपने देखने वाले इंसान की झलक भी मिलेगी।

## मोदी सरकार राज्यपालों का कर रही है दुरुपयोग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर एक बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्यपालों का गलत इस्तेमाल कर रही है। राहुल गांधी के अनुसार, ऐसा करके निर्वाचित राज्य सरकारों को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इसे



संघवाद पर एक खतरनाक हमला बताया और कहा कि इसका विरोध होना चाहिए। हर भारतीय राज्य की अपनी आवाज है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के एक पोस्ट को टैग करते हुए इस तरह के दावे किए हैं। स्टालिन ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार के एक फैसले की आलोचना की थी। राहुल गांधी ने लिखा है, भारत की ताकत उसकी विविधता में है...राज्यों का एक संघ, जिसमें हर राज्य की अपनी आवाज है। इसका मतलब है कि भारत अलग-अलग राज्यों से मिलकर बना है और हर राज्य का अपना महत्व है।

## भारतीय नेवी में नया शिप शामिल, नाम-आईएनएसवी कौंडिन्य


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिलकर बनाया गया शिप इंडियन नेवल सेलिंग वेसल कौंडिन्य आज इंडियन नेवी के जहाजी बेड़े में शामिल हो गया। कारवाड़ नेवल बेस पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल हुए। इसका नाम भारतीय नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा गया है। उन्होंने हिंद महासागर को पार



करके साउथ-ईस्ट एशिया की यात्रा की थी। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि साल के अंत में यह गुजरात से ओमान तक के पारंपरिक ट्रेड रूट पर ट्रांस-ओशनिक यात्रा करेगा। आधुनिक वेसल (पोत) से अलग इस सिले हुए जहाज में चौकोर पाल और स्टीयरिंग बोर्ड लगा है। स्टीयरिंग बोर्ड का उपयोग पतवार के आविष्कार से पहले जहाज को कंट्रोल करने के लिए किया जाता था। इसके अलावा शिप के पाल पर गंधभेरुंड (दैवीय पक्षी) और सूर्य की आकृतियां हैं। उसके बो पर नक्काशीदार शेर और डेक पर हड़प्पा शैली का पत्थर है।

## ऑपरेशन-सिंदूर के पोस्टर में पीएम की फोटो पर सियासत

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के पोस्टर में पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर पर सवाल उठाए हैं। विक्रमादित्य सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, हम देश के




पीएम का सम्मान करते हैं, पर उन्हें इस तरह के होर्डिंग्स लगाने से परहेज करना चाहिए। विक्र मादित्य आगे लिखते हैं, हो सकता है कि यह उनके निर्देशों पर नहीं किया गया हो, पर इन्हें उतारने के भी आदेश दिए जा सकते हैं। मंत्री ने लिखा कि ऐसा करने से जवानों का मनोबल गिरेगा। आखिर में विक्रमादित्य सिंह, प्रधानमंत्री को नसीहत देते हैं कि कुछ चीजें राजनीति से ऊपर उठकर होती हैं।

# अब मोदी की नसों में खून नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा

● बीकानेर से पीएम ने पाकिस्तान को लगाई जमकर लताड़ ● पीएम ने कहा-हमारी सेना पाकिस्तान को घुटनों पर लाई ● प्रधानमंत्री ने कहा-आईसीयू में है रहीमयार खान एयरबेस

**बीकानेर (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार बीकानेर आए। जिला मुख्यालय से 22 किमी दूर देशनोक के पलाना में हुई सभा में मोदी करीब 40 मिनट बोले। उन्होंने साफ कर दिया कि पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया जाएगा। भारतीयों की जान से खेलने वालों को कतई नहीं बख्शा जाएगा। एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। हिंदुस्तान का लहू बहाने वालों को कतरे-कतरे का हिसाब चुकाना पड़ेगा। पीएम बोले-तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।



● 22 मिनट में नौ आतंकी ठिकाने कर दिए तबाह

पहलगाम हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह किए। दुनिया ने देखा कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयरस्ट्राइक की थी। उसके बाद मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। वीर भूमि का ही ये तप है कि ऐसा संयोग फिर बना कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीकानेर में सभा हो रही है।

● मोदी की नस में खून नहीं, गर्म सिंदूर दौड़ रहा है- पाकिस्तान भारत से कभी सीधी लड़ाई नहीं जीत सकता। इसलिए आतंकवाद को भारत के खिलाफ हथियार बनाया है। पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ पीओके और आतंकवाद पर। भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा, ये भारत का संकल्प है।

## अब एक ही जिले में ड्यूटी कर सकेंगे हसबैंड और वाइफ

**लखनऊ (एजेंसी)।** पुलिस की नौकरी कितनी चुनौतियों से भरी है, इसके बारे में हर कोई जानता है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने सैकड़ों पुलिसकर्मियों को राहत भरी खबर दी है। पुलिस विभाग में कार्यरत पति और पत्नी को अब एक ही जिले में तैनात किया जाएगा। डीजीपी ने बुधवार को इस संबंध में



महत्वपूर्ण आदेश दिया है। इस आदेश के अनुसार, जिन पुलिसकर्मियों के पति या पत्नी भी पुलिस विभाग में कार्यरत हैं, उन्हें अब एक ही जिले में तैनाती दी जा सकती है। यह फैसला अनुकंपा नीति के तहत लिया गया है। इसका मकसद पुलिसकर्मियों के पारिवारिक जीवन को सरल बनाना है। इस आदेश के अनुसार, सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को इसका लाभ मिलेगा। उन्हें एक ही जिले में समायोजित किया जाएगा।

## विचारधारा के चलते किसी को जेल में नहीं डाल सकते

● सुप्रीम कोर्ट बोला-देश में हम इस तरह का चलन देख रहे ● केरल के आरएसएस नेता हत्या मामले में आरोपी को जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी को विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाला जा सकता। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता की हत्या के आरोपी को जमानत देते हुए की। सुनवाई के दौरान नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी के वकील ने कहा कि विचारधारा गंभीर अपराधों की ओर ले जाती है। इस पर कोर्ट ने कहा-आप किसी को उसकी विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाल सकते। हम यह चलन देख रहे हैं। किसी ने एक खास विचारधारा अपना ली, इसलिए उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। साल 2022 में केरल के पलक्कड़ जिले में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या हुई थी। मामले में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की केरल यूनिट के तब के महासचिव अब्दुल साथर को आरोपी बनाया गया है। कोर्ट बोला- प्रक्रिया सजा नहीं बन सकती एनआईए के वकील ने दलील दी कि भले ही एफआईआर में साथर का नाम



नहीं है, लेकिन संघ महासचिव के तौर पर उसने कैडरों की भर्ती और हथियार चलाने की ट्रेनिंग देने जैसे काम किए। उस पर 71 मामले दर्ज हैं। साथर की ओर से पेश वकील तर्क दिया कि सभी मामले हड़ताल की घटनाओं से जुड़े हैं। इन सभी मामलों में उन्हें जमानत मिल चुकी है।

## हरियाणा में ढाई साल बाद कोरोना वायरस की एंट्री

● गुरुग्राम और फरीदाबाद में सामने आए केस, मुंबई से लौटी थी महिला, स्वास्थ्य टीमें तैनात

**फरीदाबाद/गुरुग्राम (एजेंसी)।** हरियाणा में करीब ढाई साल बाद फिर से कोरोना वायरस की एंट्री हुई है। गुरुग्राम और फरीदाबाद में कोविड के ये मामले सामने आए हैं। सभी कोरोना संक्रमित को होम आइसोलेट कर दिया गया है, साथ ही उनके परिवार के सभी सदस्यों के भी सैंपल लिए गए है। संक्रमित के परिजनों से संपर्क कर उन्हें कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। दो मरीज गुरुग्राम से हैं, जिनमें एक महिला हाल ही में मुंबई घूमकर आई थी और दूसरा एक बुजुर्ग है, जिसकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। फरीदाबाद का 28 वर्षीय युवक दिल्ली में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था, उसे बुखार, खांसी और सर्दी-जुकाम की शिकायत थी। उसे इलाज के लिए दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था। हालांकि, ये तीनों लोग कोरोना के किस वेरिएंट के शिकार हुए हैं, इसकी पुष्टि डॉक्टरों ने अभी तक नहीं की है।



## ईडी ने सारी हदें पार कीं, देश के संघीय ढांचे का किया उल्लंघन

● सुप्रीम कोर्ट बोला, तमिलनाडु शराब घोटाले की जांच पर रोक के निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सारी हदें पार कर दी हैं। वह देश के संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रही है। कोर्ट ने तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन और तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। ईडी ने मार्च में टीएसएमसी मुख्यालय पर छापेमारी के बाद कहा था कि उसे एक हजार करोड़ रुपए की हेराफेरी का पता चला है। कॉर्पोरेट पोस्टिंग, ट्रांसपोर्ट और बार लाइसेंस टेंडर से जुड़ा डेटा मिला है। धोखाधड़ी करके शराब को तय कीमत से ज्यादा पर बेचने के भी सबूत हैं। अदालत ने एजेंसी को जांच और छापेमारी रोकने का भी निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच कर रही थी। सीजेआई बोले- निगम के खिलाफ मामला नहीं दर्ज कर सकते तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्य ने 2014 से 2021 के दौरान भ्रष्टाचार मामले में शराब दुकानदारों पर 41 एफआईआर दर्ज कीं। ईडी ने 2025 में टीएसएमसी मुख्यालय पर छापा मारा। उसने अधिकारियों के फोन और डिवाइस ले गए और सब कुछ क्लोन किया। इस पर सीजेआई ने ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से पूछा



कि टीएसएमसी के खिलाफ अपराध कैसे बनाया गया। आप व्यक्तियों के खिलाफ तो आपराधिक मामला दर्ज कर सकते हैं, लेकिन निगम के खिलाफ नहीं। आपकी ईडी सारी हदें पार कर रही है। टीएसएमसी की ओर से पेश वकील मुकुल रोहतगी ने कहा फोन की क्लोन कॉपी ले ली है।

## भाखड़ा डैम पर सीआईएसएफ की तैनाती से बढ़ गया विवाद

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भाखड़ा बांध की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा सीआईएसएफ की तैनाती पर बवाल मच गया है। पंजाब सरकार ने इसका सीधा विरोध किया है। पंजाब के सीएम भगवंत मान का कहना है कि जो काम पंजाब पुलिस मुफ्त में कर रही है, उसके लिए हम पैसे क्यों दें। इसकी क्या जरूरत है। मान ने कहा कि अब पानी की कोई समस्या नहीं है। यह अगले साल की तैयारी है। उन्होंने पंजाब भाजपा के बड़े नेताओं कैप्टन अमरिंदर सिंह, सुनील जाखड़, रवनीत सिंह बिट्टू और मनप्रीत सिंह बादल से पूछा है कि क्या यह पत्र आपकी सहमति से जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सीएम ने कहा कि कल हरियाणा को उसके हिस्से का पानी जारी कर दिया गया। उसके बाद केंद्र सरकार ने फिर पंजाब पर हमला किया है। आदेश जारी किए गए हैं कि सीआईएसएफ के 296 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। प्रत्येक कर्मचारी पर प्रति वर्ष 2.90 लाख रुपये का खर्च आएगा। इस हिसाब से बीबीएमबी या पंजाब केंद्र को 8.58 करोड़ रुपये देगा। उन्होंने कहा कि इसकी क्या जरूरत थी।

# पशुपति से तिरुपति तक 'लाल सलाम' पर ठोंकी आखिरी कील

● इतिहास रचने के करीब अमित शाह, नक्सल मुक्त भारत के सपने की बढ़ी उम्मीद



**नागपुर/गढ़चिरौली (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में 27 नक्सलियों के एनकाउंटर ने लाल सलाम का सपना बुनने वालों के अरमानों के ताबूत में आखिरी कील ठोंक दी है। भारत में नक्सलवाद के कभी पशुपति से लेकर तिरुपति तक लाल सलाम की तैयारी की थी लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को गिने-चुने जिलों में सीमित कर दिया है। 27 नक्सलियों का एनकाउंटर भले ही छत्तीसगढ़ में हुआ है। इसकी गूंज महाराष्ट्र के साथ पूरे देश में है। 1.5 करोड़ के इनामी बसवराजू नक्सल सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौती था। वह महाराष्ट्र के 15 कमांडो का हत्यारा था। पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर बीच में सुशील कुमार शिंदे और फिर बाद में राजनाथ सिंह समेत 30 नेता गृह मंत्री का कार्यभार संभाल चुके हैं, लेकिन देश के 31वें गृह मंत्री अमित शाह के दूसरे कार्यकाल में नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। गृह मंत्रालय के अनुसार प्रभावी तौर पर नक्सलियों का प्रभाव सिर्फ आधा दर्जन जिलों में रह गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नक्सलियों के बड़े नेता बसवराजू के मारे जाने पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। उन्होंने लिखा है कि नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि हमारे बलों द्वारा एक महासचिव स्तर



के नेता को मार गिराया गया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं। यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। केंद्रीय गृह मंत्री के संकल्प में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने समर्थन दिया है। अमित शाह ने भले ही नक्सलियों के कमर तोड़ने का श्रेय सुरक्षाबलों को दिया है लेकिन एक बड़ा क्रेडिट उनका भी है। उन्होंने लगातार लाल सलाम को खत्म पर न सिर्फ अपना संकल्प व्यक्त किया। बल्कि सुरक्षाबलों को छूट देने के साथ उन्हें हर तरह का समर्थन दिया। पिछली बार जब नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली थी तब गृह मंत्री अमित शाह खुद वहां पहुंचे थे। गृह मंत्री अमित शाह ने 2019 में ही नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा था। अब मार्च 2026 तक खत्म करने की योजना है।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## BSP का संकट...

BSP सुप्रीमो मायावती अपने फैसलों से सभी को चौंकाती रही हैं और भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का चीफ नैशनल कोऑर्डिनेटर बनाकर उन्होंने एक बार फिर यही किया है। हालांकि सियासी मजबूरी में लिए गए इस निर्णय से पार्टी के भीतर का असमंजस और संकट भी सामने आ गया है।

समर्थकों में सवाल: पिछले एक साल के भीतर आकाश दो बार पद गंवा चुके हैं और दो बार उनकी वापसी हो चुकी है। उनकी हर वापसी पहले से ज्यादा दमदार रही। इस बार तो उनके लिए मायावती ने नया पद ही बना दिया। आकाश आनंद को लेकर पहले जैसा घमासान मचा था और अब जिस तरह से उनकी वापसी हुई है, उससे BSP समर्थकों के मन में कई सवाल जरूर होंगे।

विकल्प का अभाव: दलित राजनीति में मायावती आज भी बड़ा नाम हैं। लेकिन, यह भी सच्चाई है कि हर नेता का वक्त होता है और उसे समय रहते अपना उत्तराधिकारी तैयार करना पड़ता है। लगता है कि मायावती इसके लिए पूरी तरह से मन नहीं बना पा रही हैं। पार्टी का एकमात्र चेहरा वह खुद हैं। उनके बाद दूसरी कतार के ज्यादातर नेता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं या निष्कासित कर दिए गए हैं। मायावती ने अपना कोई विकल्प कभी उभरने नहीं दिया। ऐसे में आकाश की वापसी के अलावा कोई रास्ता नहीं था।

नई पीढ़ी से दूरी: मायावती पार्टी को अपनी विशिष्ट शैली में चलाती हैं, समर्थकों से संवाद करने का उनका अपना तरीका है। हालांकि सोशल मीडिया के दौर में वोटर्स की जो नई पीढ़ी आई है, वह उस पुराने तरीके से शायद BSP से कनेक्ट नहीं कर पा रही। उसने बहुजन आंदोलन के संघर्ष को नहीं देखा है। चुनावों को छोड़कर, बाकी वक्त में पार्टी सक्रिय विपक्ष की भूमिका में नहीं दिखती - न उसने पिछले काफी समय से कोई बड़ा आंदोलन किया है।

गिरता वोट शेयर: कन्फ्यूजन में घिरी BSP चुनावों में उतरती तो है, लेकिन अब टक्कर देती हुई नहीं दिखती। पिछले एक दशक में उसका वोट शेयर लगातार नीचे आया है। 2019 आम चुनाव में पार्टी ने जब समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था, तब उसका वोट शेयर 19.2% था और 10 सीटें मिली थीं। 2024 में अकेले चुनाव लड़ने उतरी BSP का वोट शेयर केवल 9.3% रह गया और खाता भी नहीं खुला। इसी तरह, 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.8% वोट मिले थे। BSP के वोटर पार्टी के प्रति समर्पित माने जाते हैं। लेकिन, आंकड़े बताते हैं कि यह कोर वोटबैंक भी मायावती से दूर जा रहा है और इसका फायदा मिल रहा है BJP व समाजवादी पार्टी को।

# एआई की याददाश्त को बढ़ाने पर दिया जा रहा है जोर

## पिछले पखवाड़े में एआई क्षेत्र में आए महत्वपूर्ण बदलावों पर एक विस्तृत नज़र



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व तेजी देखी जा रही है। ओपन-एआई, गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रमुख कंपनियाँ एआई विकास की दौड़ में आगे निकलने के लिए लगातार नई तकनीकों और मॉडलों पर काम कर रही हैं। जहां एक ओर एआई मॉडल्स की "मेमोरी क्षमता" को बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर रोबोटिक्स, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और एथिकल एआई जैसे क्षेत्रों में भी बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। आइए बीते पखवाड़े की कुछ प्रमुख एआई गतिविधियों पर एक विस्तार से नज़र डालते हैं:

1. ओपन-एआई का नया कोडिंग एजेंट Codex: डेवलपर्स के लिए वरदान
ओपन-एआई ने "Codex" नामक एक नया एआई कोडिंग एजेंट लॉन्च किया है। यह कोडिंग, डिबगिंग और कोडबेस विश्लेषण जैसे कार्यों में दक्ष है। यह Codex-1 मॉडल पर आधारित है और फिलहाल ChatGPT के Pro, Team और Enterprise यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इसका उद्देश्य डेवलपर्स की उत्पादकता को कई गुना बढ़ाना है, खासतौर पर जटिल कोडिंग कार्यों को सरल बनाकर। Codex, GPT तकनीक पर आधारित होते हुए भी विशेष रूप से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के लिए अनुकूलित है। यह यूजर से टेक्स्ट में मिले इनपुट के आधार पर कई प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज में कोड जेनरेट कर सकता है। इसके पीछे ओपन-एआई की रणनीति साफ है — टेक्निकल कार्यों में एआई की भागीदारी बढ़ाकर उसे एक उपयोगकर्ता-अनुकूल उपकरण बनाना।

2. मेटा का Behemoth मॉडल: अस्थायी विराम, संभावनाओं की उड़ान
मेटा प्लेटफॉर्म्स ने अपने अत्याधुनिक एआई मॉडल "Behemoth" की रिलीज़ को फिलहाल स्थगित कर दिया है। यह मॉडल कंपनी की LLaMA (Large Language Model Meta AI) श्रृंखला का हिस्सा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह निर्णय मॉडल की क्षमताओं में और सुधार लाने तथा रिसर्च गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है। हालांकि, इस देरी से कंपनी के शेयरों में 2.4% की गिरावट देखी गई और एआई डिवीजन में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें भी सामने आई हैं। लेकिन मेटा की यह रणनीति संकेत देती है कि कंपनी अपने एआई उत्पादों को अधपका बाजार में नहीं उतारना चाहती, बल्कि परिपक्व तकनीक ही उपयोगकर्ताओं को सौंपना चाहती है।

3. एआई सिस्टम्स में मेमोरी का विकास: एआई को दी जा रही 'याददाश्त'
सबसे महत्वपूर्ण रुझानों में से एक है — एआई में मेमोरी या 'स्मरण शक्ति' का विकास। अब कंपनियां अपने चैटबॉट्स और एआई सहायक उपकरणों को इस प्रकार प्रशिक्षित कर रही हैं कि वे उपयोगकर्ताओं के पिछले वार्तालापों, प्राथमिकताओं और व्यवहार पैटर्न को याद रख सकें। ओपन-एआई का ChatGPT अब यूजर की पिछली बातचीतों को 'स्मृति' में रख सकता है और उनसे जुड़े संदर्भों को बाद की बातचीत में उपयोग कर सकता है। गूगल का Gemini मॉडल यूजर्स की सर्च हिस्ट्री को उपयोगी संदर्भ के तौर पर उपयोग करता है। मेटा के AI सिस्टम्स यूजर प्रोफाइलिंग और लंबे संवादों को समझने में पहले से कहीं अधिक सक्षम हो गए हैं। इस प्रयास का मकसद है — बातचीत को अधिक 'व्यक्तिगत' और 'स्वाभाविक' बनाना, जिससे यूजर एआई के साथ लंबे समय तक जुड़ाव महसूस करे।

4. चीन का ह्मनॉइड प्रोजेक्ट: 20 अरब डॉलर का एआई दांव
चीन ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए एआई-संचालित ह्मनॉइड रोबोट्स पर बड़ा दांव खेला है। AgiBot और MagicLab जैसे स्टार्टअप्स को सरकारी फंडिंग के जरिए रोबोट्स विकसित करने में मदद मिल रही है, जो फैक्ट्रियों में असेंबली, गुणवत्ता नियंत्रण और जटिल निर्णय लेने जैसे कार्यों में कुशल हैं। चीन सरकार ने इस क्षेत्र में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। यह कदम न केवल चीन के औद्योगिक उत्पादन को तेज करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर एआई आधारित मैन्युफैक्चरिंग प्रतिस्पर्धा को भी नई दिशा देगा।

5. गूगल का Gemini Robotics: 'एंबेडेड रीजनिंग' से लैस एआई
गूगल डीपमाइंड ने "Gemini Robotics" नामक एक नया मॉडल पेश किया है, जिसे खासतौर पर रोबोटिक्स अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी खासियत यह है कि यह मॉडल बिना पूर्व प्रशिक्षण के नए वातावरण और कार्यों को समझने और निष्पादित करने की क्षमता रखता है। Gemini Robotics का ER (Embedded Reasoning) वर्जन इसे और अधिक स्मार्ट बनाता है, जिससे रोबोट्स निर्णय लेने और वातावरण में बदलाव के आधार पर अपनी रणनीति बदलने में सक्षम होते हैं।

6. मेटा का 'वॉटरवर्थ प्रोजेक्ट': समुद्र के नीचे 10 अरब डॉलर की एआई लाइन
मेटा ने "Waterworth Project" नामक एक मेगा-इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना की घोषणा की है, जिसमें 10 अरब डॉलर की लागत से समुद्र के नीचे केबल बिछाई जाएगी। यह केबल अमेरिका, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका को जोड़ेगी। इस परियोजना का उद्देश्य एआई और इंटरनेट डेटा ट्रैफिक की भारी मांग को पूरा करना है। भारत के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे देश में तेज़ क्लाउड सेवाएं, उच्च गति डेटा एक्सेस और वैश्विक डिजिटल इकोनॉमी में अधिक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

7. भारत का एआई सुरक्षा संस्थान: स्वदेशी मॉडल्स को प्राथमिकता
भारत सरकार ने घोषणा की है कि वह एक "एआई सुरक्षा संस्थान" की स्थापना करेगी। इसका उद्देश्य भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में एआई के नैतिक, सुरक्षित और उत्तरदायी उपयोग को सुनिश्चित करना है। यह संस्थान भारतीय डेटा सेट्स और भाषाई विविधताओं को ध्यान में रखते हुए रिसर्च को बढ़ावा देगा। साथ ही, यह भारत में तैयार हो रहे एआई मॉडल्स की पारदर्शिता और जवाबदेही को भी सुनिश्चित करेगा।

8. यूएई का एआई कैंपस: अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा केंद्र
संयुक्त अरब अमीरात ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए अमेरिका के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा एआई कैंपस स्थापित करने के लिए समझौता किया है। यह कैंपस अबू धाबी में स्थापित होगा और इसमें हर साल NVIDIA के पांच लाख एआई चिप्स तक की पहुंच होगी। इस कैंपस का उद्देश्य है — एआई रिसर्च, विकास और प्रशिक्षण को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना। यह पहल यूएई को एआई सुपरपावर के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

## सामरिक चुनौती

डॉ. एल.एस. यादव




# रक्षा बजट को बढ़ाना होगा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियां बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। भारत का रक्षा तंत्र भी इसको समझ चुका है, इसीलिए रक्षा मंत्रालय ने सरकार को 50000 करोड़ रुपये का रक्षा फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। उम्मीद की जा रही है कि भारत की केन्द्र सरकार रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी कर सकती है क्योंकि यह समय की जरूरत भी है। यदि यह प्रस्ताव मान लिया जाता है तो भारत का कुल रक्षा बजट सात लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक फरवरी 2025 को पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए थे। नई बढ़ोत्तरी होने से यह धनराशि 7.31 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। निश्चित है कि इस राशि को खर्च करके रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान की जा सकेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित 6.81 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। इस हिसाब से रक्षा बजट में इस साल के लिए 9.5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई थी क्योंकि भारत के दो रक्षा मोर्चों पर चुनौतियां ज्यादा बढ़ गई थीं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह अनुभव हुआ कि रक्षा चुनौतियां और ज्यादा बढ़ गई हैं जिनसे निपटने के लिए अब और अधिक रक्षा संसाधनों की जरुरत है। इसीलिए रक्षा बजट में 50000 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी किया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यदि इसे मान लिया जाता है तो इससे अत्याधुनिक हथियारों की खरीद व नवीनतम हथियारों का उत्पादन देश में भी बढ़ाया जा सकेगा। ऐसा होने पर भारत दोनों मोर्चों पर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम हो सकेगा। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों और उनके सरगनाओं पर कड़ा प्रहार करके पाक अधिकृत कश्मीर के तकरीबन नौ आतंकवादी ठिकाने ध्वस्त कर दिए। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर जवाबी हमले प्रारम्भ कर दिए तो भारत ने इनका भी मुहंतोड़ जवाब देते हुए उनके कई सामरिक अड्डे ध्वस्त कर दिए। इस तरह भारत की सैन्य ताकत को संसार के सभी देशों ने देखा और जाना कि भारत से टकराव का अंजाम क्या होगा। यह बात सभी को मालूम है कि भारत की सामरिक बढ़त उसकी मजबूत सामरिक तैयारी के कारण प्राप्त हुई। विदित हो कि बीते कुछ वर्षों में भारत ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वदेशी रक्षा उत्पादन एवं आवश्यक आधुनिकतम रक्षा हथियारों की खरीद करके अपने सैन्य ढांचे को मजबूती प्रदान की है। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान से निपटने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रूस के एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, बराक-8 मिसाइल सिस्टम, स्वदेश निर्मित आकाशतीर मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा था। इसके अलावा पिचैरा और लो लेवल एयर डिफेंस गन की तैनाती ने बेहतरीन ढंग से मदद की। इस तरह भारत के मल्टी लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल सहित सभी तरह के आक्रमणों को बेअसर कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जो घातक हथियार दिए थे, पाकिस्तान ने उनका भारत के विरुद्ध प्रयोग किया लेकिन वे भी पाकिस्तान के काम नहीं आए। गौरतलब है कि चीन ने पाकिस्तान को जे-10 सी लड़ाकू विमान व उसमें लगी पीएल-15 किस्म की दी थीं। इनके अलावा परमाणु बम दागने वाली एसएच-15 तोप व घातक किलर ड्रोन भी दिए थे। इन सबका पाकिस्तान ने जमकर प्रयोग करते हुए भारत की जमीन को चीनी हथियारों का परीक्षण केन्द्र बनाया लेकिन सब असफल रहा। इसलिए अब संभावना यही बन रही है कि भविष्य में जब कभी भारत का चीन या पाकिस्तान से टकराव होगा तो ये दोनों देश एक साथ मिलकर भारत के सामने होंगे क्योंकि चीन ने पाकिस्तान को नई सैन्य मदद देने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की चीन से अत्याधुनिक एवं पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-35 खरीदने की योजना है। चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक वाली हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी और हाइपरसोनिक मिसाइलें भी देना चाह रहा है। निश्चित रूप से इस सहयोग का मकसद भारत के मुकाबले पाकिस्तान की ताकत को मजबूत करना है। ऐसे में भारत का रक्षा बजट बढ़ाया जाना समय की जरूरत है। इसके तहत रक्षा तैयारियों को नई गति देते हुए सरकार ने ब्रह्मोस, आकाश सहित अन्य स्वदेशी मिसाइलों व दूसरी प्रमुख उन्नत किस्म की स्वदेशी हथियार प्रणालियों में तेजी लाने को लिए संबंधित रक्षा कंपनियों को निर्देश दे दिए हैं। ऑपरेशन सिंदूर से यह स्पष्ट हो गया है कि आधुनिक युद्धों में इन्हीं हथियारों की प्रमुख भूमिका होगी। ऐसे में बढ़ाया जाने वाला रक्षा बजट इन्हीं क्षेत्रों में खर्च होने की संभावना होगी।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते, क्योंकि अपने अस्तित्व के बिना यह विस्मरण भी बिल्कुल ही असंभव है।

# आइस्क्रीम की एक डिश



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए । हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई थी, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है।

- प्रतीक पटले, भाटापारा

## करंट अफेयर

### लैंटर्नफ्लाई के प्रसार को रोकने में मददगार बने प्रशिक्षित कुत्ते




पत्तों पर रहकर पौधों को नुकसान पहुंचाने वाला चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई' वह कीट है जिसे एक दशक पहले पहली बार अमेरिका में देखा गया था। हालांकि, अब यह ईस्ट कोस्ट और मिडवेस्ट में फैल चुका है। शोधकर्ता इसके प्रसार को धीमा करने के लिए एक नया हथियार इस्तेमाल कर रहे हैं। यह हथियार कुछ और नहीं बल्कि कुत्ते हैं। विशेष रूप से प्रशिक्षित कुत्ते इस कीट के अंडों को फूटने से पहले ही सूंघ सकते हैं। एक अंडे से 30 से 50 चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई उत्पन्न हो सकती हैं। क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स प्रबंधक कोनी हॉसमैन ने बताया कि अब तक कुत्तों ने 4,000 से अधिक अंडों को ढूंढा है, यानि इनसे पैदा होने वाले 2,00,000 कीटों को खत्म करने में मदद मिली है। हॉसमैन ने बताया कि अप्रैल में कुछ ही घंटों में कुत्तों ने क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स चिड़ियाघर में लगभग 1,100 अंडे के ढेर खोज निकाले। उन्होंने कहा, 'कोई भी मामूली कुत्ता इन अंडों को नहीं ढूंढ सकता है। ऐसे विशेष कुत्तों की सूंघने की क्षमता अद्भुत होती है और उन्हें अपनी सेवा साबित करने के लिए कई परीक्षा पास करनी पड़ती है।' इन कुत्तों को वर्जीनिया टेक विश्वविद्यालय के एक समूह के नेतृत्व में एक शोध परियोजना के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया था।

## ऑफ बीट

### बोरियत खराब मानी जाती है विज्ञान लाभकारी मानता है

हम सभी ने उदासी और उबाऊ स्थितियों का सामना किया है जिसमें रुचियों को लेकर उदासीनता की स्थिति होती है और मानसिक प्रोत्साहन कम हो जाता है।



अंततः जब हमारा ध्यान भटक जाता है तो हम विरक्त से हो जाते हैं। समय धीरे-धीरे बीतता हुआ प्रतीत होता है, और हम बेचैनी भी महसूस करने लगते हैं। चाहे वह कोई ऐसी फिल्म देखना हो जो निराश करती हो, कोई बच्चा शिकायत करता हो कि "करने के लिए कुछ नहीं है", या कोई वयस्क बैठक के दौरान ध्यान न दे रहा हो। कुल मिलाकर बोरियत एक सार्वभौमिक अनुभव है। सामान्यतः उबाऊपन या बोरियत को किसी वर्तमान गतिविधि में ध्यान या रुचि बनाए रखने में कठिनाई के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसे आमतौर पर एक नकारात्मक स्थिति के रूप में देखा जाता है, जिसे हमें अनुभव करने से बचने या रोकने का प्रयास करना चाहिए। लेकिन क्या होगा अगर बोरियत को सकारात्मक स्थिति के रूप में देखने का कोई और तरीका हो? क्या बोरियत को अपनाना सीखना फायदेमंद हो सकता है? मस्तिष्क का तंत्र परस्पर जुड़े क्षेत्रों की एक प्रणाली है जो विभिन्न कार्यों का समर्थन करने के लिए एक साथ काम करते हैं। हम इसकी तुलना एक ऐसे शहर से कर सकते हैं जहां उपनगर (मस्तिष्क क्षेत्र) सड़कों (तंत्रिका मार्ग) से जुड़े हुए हैं।

## X ट्रेंड

### वैज्ञानिक समुदाय को क्षति



पद्म विभूषण डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के पीछे एक दूरदर्शी व्यक्ति, उनके नेतृत्व ने हमारे परमाणु भविष्य को आकार दिया।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### बलूचिस्तान सबसे उपेक्षित



पाकिस्तान का सबसे बड़ा और सबसे अधिक संसाधन संपन्न प्रांत होने के बावजूद, बलूचिस्तान इसका सबसे उपेक्षित और अविकसित क्षेत्र बना हुआ है। एक विरोधाभास जो दशकों के व्यवस्थित आर्थिक और राजनीतिक शोषण को दर्शाता है।

-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### स्कूली शिक्षा पर ध्यान दें



सरकारी स्कूलों के हालात यूपी व बिहार में यह अति-दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय। ऐसे में स्कूली शिक्षा पर ध्यान देकर इन्हे बंद करने के बजाय प्रोत्साहन जरूरी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### नशा-विरोधी मुहिम



टीएसी की बैठक में पहला एजेंडा आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें एवं बार खोलने का लाइसेंस देने का है। अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत, मैंने नशा-विरोधी मुहिम से की थी और झारखंड की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने की इस कोशिश का पुरजोर विरोध होगा।

-चंपई सोरेन, पूर्व सीएम, झारखंड

रॉयल पत्रिका

# प्रधानमंत्री ने 26 हजार करोड़ रुपये लागत की विकास परियोजनाओं का उद्धाटन किया

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बीकानेर स्थित देशनोक, पलाना में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।



इससे पहले राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रधानमंत्री की अगवानी करते हुए उनका भावकृभरा अभिनंदन किया। बाद में राज्यपाल कार्यक्रम स्थल पर भी प्रधानमंत्री मोदी के साथ मौजूद रहे। उन्होंने राजस्थान को विकास कार्यों और जन कल्याण योजनाओं की दी गई सौगात के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

देशनोक में करणी माता के दर्शन कर सबके मंगल की कामना की इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल बागडे देशनोक स्थित करणी माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां पूजा अर्चना कर सबके मंगल की कामना करते हुए राष्ट्र की खुशहाली और संपन्नता के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बीकानेर दौरा

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बीकानेर जिले के देशनोक में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करते हुए देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने देशनोक रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात भी दी।

उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी बच्चों से भी मिले और बच्चों द्वारा बनाई पेंटिंग्स की सराहना की। इस दौरान बच्चों ने भारत माता की जयघोष से परिसर को गुंजायमान कर दिया। प्रधानमंत्री ने स्टेशन परिसर में शहीदों के सम्मान में प्रदर्शनी गैलेरी का अवलोकन किया।



इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल समेत विभिन्न जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1 लाख करोड़ रुपए की लागत से 1300 से अधिक स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसी क्रम में पुनर्विकसित किए गए 103 रेलवे स्टेशनों में राजस्थान के आठ रेलवे स्टेशन देशनोक, गोगामेड़ी, बूंदी, माण्डलगढ़, गोविंदगढ़, मण्डावर-महुआ रोड, फतेहपुर शेखावाटी और राजगढ़ शामिल हैं। हर स्टेशन के विकास में विरासत भी-विकास भी के मूलमंत्र के आधार पर स्थानीय वास्तुकला एवं संस्कृति से प्रेरित निर्माण के साथ ही आधुनिक सुविधाओं का समायोजन किया गया हैं। उद्घाटन के दौरान इन स्टेशनों पर भी समारोह आयोजित किए गए, जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही आमजन व स्कूली बच्चे भी शामिल हुए।

# विधानसभा अध्याक्ष को स्वर्णिम दर्पण का विशेषांक भेंट



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थानि विधानसभा अध्य क्ष वासुदेव देवनानी को गुरूवार को यहां राजस्था न विधान सभा मं लखनऊ, उत्तरर प्रदेश से प्रकाशित मासिक पत्रिका स्वार्णिम दर्पण का समाज संस्कृ ति और साहित्यस पर आधारित विशेषांक भेंट किया गया। देवनानी ने कहा कि भारत ही वह देश है जहां वैभवशाली और सनातन संसृ काति का अद्वितीय संगम देखने को मिलता है। उन्होंकने कहा कि यह सनातन संस्कृीति और परम्पमरा समृद्ध है और भारत में वर्षों से यह परम्पेरा चली आ रही है। इसकी जडें प्राचीनकाल से भारत में जीवित है।

देवनानी ने कहा कि स्वोर्णिम दर्पण पत्रिका को सनातन संस्कृचति के विभिन्नत पहलुओं पर भी विशेषांक का प्रकाशन किया जाना चाहिये। उन्हों ने कहा कि भारत में वर्षों से यह परम्परा चली आ रही है कि खास दिन पर लोग किसी ना किसी पवित्र स्थान पर स्नारन करते है। यहां तक की दुनिया का सबसे बड़ा मेला कुंभ भी स्नाोन पर ही आधारित है। जहां गंगा जी में स्ना्न करने दुनिया भर से करोडों भक्तय आते है। देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कोृति के आध्यागत्मिक पक्ष पर भी लेखों का प्रकाशन किया जाना चाहिए, ताकि युवा पीढी सनातन को समझ सके।

# पेयजल परियोजनाओं को गति और गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करायें

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि पेयजल परियोजनाओं को गति देते हुये गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करायें, जिससे आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर जिले में स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिये अधिकारियों को निरंतर मॉनिटरिंग कर समस्या के स्थाई समाधान के निर्देश दिए।



जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री गुरूवार को भरतपुर कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की पेयजल परियोजनाओं की प्रगति एवं पेयजल सप्लाई व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिये कृत संकल्पित है। अधिकारी सभी पेयजल परियोजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुये गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करायें। उन्होंने कहा कि शहरों की बढती आबादी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भविष्य के विस्तार को देखते हुये पेयजल परियोजनाओं में पेयजल आपूर्ति का प्लान तैयार करें।

उन्होंने चम्बल-धौलपुर-भरतपुर परियोजना से वर्तमान में प्राप्त हो रहे 80 एमएलडी पानी के वितरण का सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी प्लान तैयार कर प्रत्येक आबादी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना के द्वितीय चरण में धौलपुर में चम्बल पर प्रस्तावित 135 एमएलडी के परियोजना को निर्धारित समय में पूरा करायें, जिससे भरतपुर शहर, गांव व डीग जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर आगामी दशकों तक दोंनो जिलों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सकेगी।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि जल-जीवन मिशन एवं अन्य सतही जल स्रोतों से पेयजल आपूर्ति के लिये प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करायें। जो भी संवेदक गुणवत्ता एवं टेंडर की शर्तों के अनुसार कार्य नहीं करें उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लायें। उन्होंने कहा कि पेयजल लाइन डालने के बाद सडकों की खुदाई का मेटेरियल बाहर डलवायें तथा पूर्ण भराव से पहले प्रेशर की जांच कर मिट्टी से ही भराव सुनिश्चित करायें। उन्होंने गांव में जल-जीवन मिशन के तहत खोदी गई सडकों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्व स्थिति के अनुसार करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से भी जल-जीवन मिशन एवं पेयजल परियोजनाओं के कार्यों की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि पेयजल व्यवस्था के लिये बजट की कमी नहीं है जहां भी आवश्यकता हो हैण्डपम्प, सिंगलफेस अथवा थ्रीफेस का ट्यूवैल लगाकर आमजन को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करें। उन्होंने निर्धारित मापदण्ड के अनुसार ट्यूवैल नहीं लगाने वाले संवेदकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ट्यूवैल मापदण्डों के अनुसार नहीं लगाये जाने के कारण है उनमें शीघ्र ही पानी की कमी आ जाती है जिसके चलते पेयजल टंकियां एवं पाईपलाइन के तंत्र का भी सदुपयोग नहीं हो पाता है। उन्होंने जिले में सतही जल एवं परम्परागत जल स्रोतों, कुंओ-बावडियों में जल की उपलब्धता को देखकर उसकी साफ-सफाई एवं मरम्मत के प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परम्परागत जल स्रोतों में पानी को साफ कर मीठा एवं स्वच्छ पानी की सप्लाई की जा सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को चम्बल परियोजना के द्वितीय चरण में 246 गॉव एवं धौलपुर जिले के राजाखेडा तहसील के 390 गॉवों की पेयजल परियोजना की भी समीक्षा कर शीघ्र कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिये।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करें। पेयजल की उपलब्धता सीमित है, घरेलू कार्यों के अलावा कृषि व अन्य कार्यों में उपयोग लेते पाये जाने पर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करायें। उन्होंने सभी अभियंताओं को पेयजल के नवीन कनेक्शनों में फैरूल का उपयोग अनिवार्य करने तथा पाईप लाइन डालते समय गुणवत्ता की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# रोजगार सहायता शिविर में हजारों युवाओं के सुनहरे भविष्य की राह हुई प्रशस्त

## - 1 हजार 327 युवा आशार्थियों का हुआ प्राथमिक चयन, 97 को मिलेगा प्रशिक्षण

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर के तत्वावधान में गुरुवार को बनीपार्क स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनीपार्क जयपुर में कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग डॉ. समित शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर रोजगार सहायता शिविर का उद्घाटन किया।

उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय जयपुर की उप निदेशक श्रीमती नवरेखा ने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में 1 हजार 904 आशार्थियों ने भाग लिया। उक्त रोजगार सहायता शिविर में निर्माण, लॉजिस्टिक, होटल, बैकिंग, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी, फॉर्मा, सिक्योरिटी, कॉल सेंटर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित 30 निजी नियोजकों ने मौके पर ही 1 हजार 327 युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया एवं प्रशिक्षण हेतु 97 आशार्थियों का चयन किया गया। इस प्रकार उक्त आयोजन में कुल 1 हजार 424 आशार्थी लाभान्वित हुए। इस मौके पर अतिथियों द्वारा 10 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले 05 निजी नियोजकों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. समित शर्मा ने निजी क्षेत्र के नियोजकों को एवं उपस्थित सभी बेरोजगार आशार्थियों को जीवन में मन को शांत एवं एकाग्रचित रखते हुए निरंतर आगे बढते रहने का संदेश प्रदान किया तथा तन से अधिक मन की शक्ति का महत्व बताया।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही की बजट घोषणा में रोजगार मेलों का आयोजन कर आगामी वर्ष में 01 लाख 50 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है, इस उद्देश्य से उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा रोजगार सहायता शिविर का आयोजन कर निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ बेरोजगार युवाओं को प्रदान किया गया।

उक्त आयोजन के उक्त आयोजन के विशिष्ट अतिथि रोजगार विभाग के निदेशक, धर्मपाल मीणा ने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के अंतर्गत शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को प्रति माह बेरोजगारी भत्ता राशि के रूप में भुगतान कर आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है, एवं राज्य सरकार के कौशल,रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की वार्षिक कार्य-योजना के अन्तर्गत संपूर्ण प्रदेश में रोजगार सहायता शिविरों का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों में बेरोजगार आशार्थियों का प्राथमिक चयन करवाया जाता है।

# नगर निगम ग्रेटर द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टर हटाये

## -अब तक 1200 से भी अधिक अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाये गये

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार 12 मई 2025 से नगर निगम ग्रेटर के सभी जोनों में अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 31 मई 2025 तक निरंतर चलाया जाएगा। 12 मई से अब तक 1200 से भी अधिक अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाए जा चुके हैं तथा 21 से भी अधिक अवैध स्ट्रक्चर भी हटाए जा चुके हैं। जिनमें से झोटवाड़ा जोन द्वारा 5 अवैध स्ट्रक्चर, मानसरोवर जोन द्वारा 4 अवैध स्ट्रक्चर, मुख्यालय होर्डिंग टीम द्वारा 8 अवैध स्ट्रक्चर हटाए गए।



आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में अवैध रूप से लगे हुए होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, कटआउट शहर को बदरंग करते हैं। साथ ही इससे नियमों के विपरीत लगाने से राजस्व आय भी प्रभावित होती है। साथ ही अतिक्रमण को भी बढ़ावा मिलता है। इसलिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को हटाया जाता रहा है। जोन स्तर पर राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं जोन के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक की संयुक्त टीम गठित कर अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान के तहत 12 मई से अब तक 1200 से अधिक अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, कटआउट के साथ-साथ 21 से भी अधिक अवैध स्ट्रक्चर हटवाये गये।

इसके साथ ही सड़कों, चौराहों, तिराहे, फुटपाथ पर लगे हुए लोहे के अवैध होर्डिंग स्ट्रक्चर को कटवाकर टीमों द्वारा जब्त किया जा रहा है। इसके साथ ही बिजली के पोल्स पर नगर निगम ग्रेटर द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से स्वीकृत विज्ञापनों के अलावा बिजली के पोल्स पर लगे हुए अवैध बैनर, पोस्टर हटाने के बाद लगी हुई रस्सियों को भी पूर्णतः हटाया जा रहा है। उपायुक्त राजस्व (प्रथम) अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्यालय की होर्डिंग शाखा द्वारा भी इस अभियान के तहत अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को भी हटाने की कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान टीम द्वारा मुख्य वीआईपी मार्गों एवं मुख्य मार्गों पर लगे हुए अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाए जा रहे हैं।

# नशा मुक्त जयपुर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हर संभव प्रयास हो सुनिश्चित

## - जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नशा मुक्त जयपुर अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, उन्होंने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई हो साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किये हैं।



डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वालों के साथ-साथ विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास स्थित दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों, दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित अन्य अनियमितताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने नशा मुक्त जयपुर अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को अभियान के तहत ई-शपथ लेने के लिए प्रेरित करने भी निर्देश दिये।

जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया कि कोटपा अधिनियम, 2003 सिगरेट और तंबाकू से जुड़े उत्पादों पर नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत, सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करना, तंबाकू बेचना, और तंबाकू से जुड़े विज्ञापन करना मना है कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना और जेल हो सकती है। उन्होंने बताया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू एवं इससे बने नशीले पदार्थ बेचना निषेध है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नशे के प्रवृति से दूर रखने के लिए विशेष जागरूकता अभियान ऑपरेशन नोक आउट भी चलाया जा रहा है।

बैठक में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगदीश व्यास ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 (एफ) के तहत नाकोटिक्स के मुकदमे के अपराधियों के विरुद्ध वित्तीय जांच करने का प्रावधान है। एक्ट के प्रावधानों के तहत इस मुकदमे के 6 साल पूर्व तक की अवधि में मादक पदार्थो के अवैध व्यापार से अर्जित संपत्तियों चाहे वह परिवार के किसी अन्य सदस्य के नाम पर हो अथवा बेनामी हो उसको सीज अथवा फ्रीज किया जा सकता है। एक्ट के तहत वाणिज्यिक मात्रा में बरामद मादक पदार्थों के तस्करों एवं ऐसी प्रवृत्तियों में अभ्यस्त तस्करों को एक साल तक जेल में निरुद्ध करने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आमजन मानस पोर्टल अथवा हेल्पलाइन नंबर 1933 पर ऐसे अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

बैठक में जिला कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को जिले में बिना लाइसेंस के संचालित अवैध नशामुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्रवाई के एवं नवजीवन योजना के चिन्हित व्यक्तियों परिवारों को योजना के लाभांवित करने के लिए निर्देशित दिये। बैठक में औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ लाइसेंस निलंबन एवं निरस्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

# पोस्टर विमोचन कर किया आपातकालीन रक्तदान शिविर का प्रचार




मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। तिगरिया में आयोजित होने वाले भारतीय सेना के नाम आपातकालीन रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन मुकेश खुडानिया के नेतृत्व में किया गया। यह शिविर 25 मई 2025 को आयोजित किया जाएगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान आयोजनकर्ताओं द्वारा शाहपुरा क्षेत्र में शिविर का प्रचार-प्रसार भी किया गया। इस अवसर पर मुकेश खुडानिया ने कहा कि भारतीय सेना के सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन एक अत्यंत सराहनीय कार्य है और इस पुनीत कार्य में शाहपुरा कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अपना पूरा सहयोग और योगदान देगा। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील भी की। प्राप्त जानकारी के कार्यक्रम के दौरान बनवारी खर्रा, साधुराम धोबी, विशाल पलसानिया, निहाल पलसानिया, कृष्ण लोमोड, विशाल यादव, मालीराम, सुभाष, जगदीश, पूरण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दरगाह मौलाना ज़ियाउद्दीन साहब के 216 वें उर्स पर दी बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष ने चद्दर पेश की



मनोहरपुर,(रॉयल पत्रिका)। जयपुर की प्रसिद्ध दरगाह मौलाना ज़ियाउद्दीन साहब के 216 वें उर्स के अवसर पर आज दी बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष संदीप लुहाड़िया व सैयद सादात अली एडवोकेट राजस्थान हाई कोर्ट ने और साथ में नरपत सिंह तंवर एडवोकेट पूर्व महासचिव दी बार एसोसिएशन जयपुर प्रमोद अग्रवाल पूर्व उपाध्यक्ष और साथ में एडवोकेट सैयद मासूम, अली वसीम ख़ान, नईम ख़ान, उमेश चौधरी, अनवर ख़ान, शफीक ख़ान, नईमुद्दीन अकील, इकरामुल्लाह, ग़ुलाम मुस्तुफा, सिराज बादशाह, सरफराज कुरैशी, जुबैर शेख, अब्दुल अंसार, ताहिर ख़ान और काफ़ी तादाद में अधिकवक्ता गण ने जयपुर बार एसोसिएशन की और से दरगाह के सज्जादा नशीन मुतावल्ली एडवोकेट सैयद ज़ियाउद्दीन ज़ियाई उर्फ ज़िया मियां एडवोकेट सैयद महबूब निजामी सज्जादा नशीन दरगाह हज़रत निजामुदीन औलिया औरंगाबाद महाराष्ट्र और मोईन मियां ज़ियाई के साथ दरगाह पर चादर पेश कर दर्शन किए। इस अवसर पर सज्जादा नशीन एडवोकट ज़िया मियां ने अधिवक्ताओं की दस्तारबंदी कर के बार एसोसिएशन की एकता व उन्नति के लिए दुआएं मांगी।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | |
|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हैरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| | |
|---|---|
| **पानी के लिए** | |
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सवाई माधोपुर में विशाल धरना प्रदर्शन

## -मुस्लिम समाज ने सरकार से बिल वापसी की मांग की

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर तहफ्फुज-ए-औक़ाफ़ जॉइन्ट एक्शन कमेटी द्वारा गुरुवार को अम्बेडकर सर्किल, बजरिया, सवाई माधोपुर में वक्फ संपत्तियों की हिफाजत और वक्फ संशोधन कानून के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।




इस धरने में हजारों की संख्या में लोग तेज धूप में भी शामिल हुए। सभी ने हाथों में तख्तियां लेकर वक्फ संशोधन बिल, जिसे उम्मीद नाम दिया गया है, को मुस्लिम विरोधी बताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह कानून न केवल मुस्लिम समुदाय के अधिकारों पर हमला है, बल्कि संविधान की मूल भावना के भी खिलाफ है।

शहर काजी निसार उल्लाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संसद में पारित यह वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समुदाय की धार्मिक संपत्तियों को असुरक्षित करने वाला है। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मार्गदर्शन में देशभर में इस संशोधन के विरुद्ध व्यापक जन आंदोलन चलाया जा रहा है और मुस्लिम समाज इस कानून में किसी भी प्रकार का बदलाव स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने संसद में वक्फ संशोधन बिल पास कर मुस्लिम समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

इस मौके पर शहर काजी मोहम्मद इरफान उल्लाह, हाफिज अबरार, मौलवी नोमान, मौलवी जमील, डॉ. मुमताज अहमद, जफर अहमद अमीन, आजम खान, कलाम खान, अबसार अहमद नदवी,अफसार नाशरी, एडवोकेट अब्दुल हसीब,एडवोकेट नोमान हाशमी, अनिल गुणसरिया सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर संजय शर्मा को भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपते हुए वक्फ संशोधन बिल को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यह कानून संविधान की मूल भावना और अल्पसंख्यक अधिकारों के विरुद्ध है।

# वक़्फ़ कानून के खिलाफ कोटा में धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। तहफ्फुज़-ए-औकाफ कमेटी की जानिब से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अभियान के तहत कोटा शहर में गुरुवार को काजी-ए-शहर कोटा जुबेर अहमद के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मौलाना फ़ज़ले हक, मौलाना अलाउद्दीन अशरफी, मौलाना सईद मुख्तार, मौलाना मकसूद आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त धरने में शहर के कई इमाम, सोशल एंड वेल्फेयर सोसाइटीज के प्रतिनिधि, पार्षदगण, अभिभाषक, अम्बेडकर राइट्स सोसाइटीज व राजनेतिक दलों के प्रतिनिधि भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। धरने के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत कर वक़्फ़ सुधार कानून को तुरंत प्रभाव से वापिस लिए जाने की मांग की गई।



इस अवसर पर काजी जुबैर अहमद ने कहा कि वक़्फ़ मामले पर पूरा मुस्लिम समाज लामबंद है और कानून वापस लिये जाने तक ये आंदोलन जारी रहेगा। मौलाना फजले हक ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि वक़्फ़ हमारे लिए सामाजिक नहीं अपितु पूर्ण रूप से धार्मिक मामला है जिसमें किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है।

कन्वीनर गुलशेर अहमद व नियाज अहमद निक्कू ने बताया कि धरने में उपमहापौर सोनू कुरैशी, कामगार कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान खान, एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष अशफाक हुसैन, वेलफेयर पार्टी के प्रदेश सचिव सैफुल्लाह खान, सरपंच संघ के अध्यक्ष मोइजुद्दीन गुड्, मदरसा बोर्ड जिलाध्यक्ष शाहिद मुल्तानी, किसान नेता मंजूर तंवर, एडवोकेट अख्तर खान अकेला, एडवोकेट जहीर अहमद, पार्षद सोनू अब्बासी, इसरार मोहम्मद, इरफान घोसी, आसिम खान समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी सलीम अब्बासी, सीए इस्लाम खान, किफायत शेख, शेरखान अंसारी, अरशद अंसारी, इंजीनियर कुद्स, जहूर अहमद सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन मुजफ्फर राईन ने किया तथा संयोजक नियाज अहमद निक्कू ने सभी उपस्थित महानुभावों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिला स्तरीय उद्योग कार्यशाला सम्पन्न

## -नई नीतियों पर मिला विस्तृत मार्गदर्शन, निवेश को मिलेगा नया प्रोत्साहन

शब्बीर हुसैन

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र कोटा द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा उद्योगों से संबंधित हाल ही में जारी नवीन नीतियों तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी उद्यमियों को प्रदान करना था। कार्यशाला में उद्योग विभाग जयपुर से पधारे संयुक्त आयुक्त डॉ. रविश कुमार शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से सभी उपस्थित उद्योगपतियों, युवा उद्यमियों एवं स्टार्टअप प्रतिनिधियों को नई औद्योगिक नीतियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कोटा जिले में औद्योगिक निवेश की अपार संभावनाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक विनियोजन में हर संभव सहायता प्रदान करने को तत्पर है। कोटा में आयोजित इस कार्यशाला के संबंध में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र कोटा के महाप्रबंधक हरिमोहन शर्मा ने बताया कि 'एक जिला एक उत्पाद' योजना, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी, और एमएसएमई नीति पर उद्यमियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



कार्यशाला में ई एंड वाई कंसल्टेंसी के जोय दीप मुखर्जी ने उद्योगों के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। वहीं सहायक आयुक्त प्रमोद कुमार मीना ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 के तहत मिलने वाले लाभों को रेखांकित किया। आई. स्टार्ट के कोस्तुभ भट्टाचार्य ने स्टार्टअप्स की शुरुआत और सरकार से मिलने वाले सहयोग पर प्रकाश डाला। गोविंदराम मित्तल (संस्थापक अध्यक्ष, दी एसएसआई एसोसिएशन), अशोक माहेश्वरी (महासचिव, कोटा व्यापार मंडल), एवं होटल फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने युवाओं को इन योजनाओं से जुड़कर उद्योग क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में के. बी. नंदवाना (महासचिव, लघु उद्योग काउंसिल), प्रहलाद बैसला (अध्यक्ष, कोटा स्टोन एसोसिएशन), अनुज माहेश्वरी (उद्यमी), रितेश जैन (संयुक्त आयुक्त, जीएसटी), ऋषभ जैन (उप मुख्य कारखाना निरीक्षक), बुनकर महिला संघ की अध्यक्ष श्रीमती बदरूनिशा, डॉ. नीलू चौहान (प्रोफेसर, कोटा विश्वविद्यालय) सहित करीब 125 उद्यमियों एवं बैंकर्स ने भाग लिया।

# आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो - मंत्री कुमावत

पाली, (रॉयल पत्रिका)। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरूवार को जिले के सुमेरपुर में उनके कार्यालय में जनसुनवाई की और आमजन की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिये संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो। इस अवसर पर समस्याओं में उन्होंने पानी बिजली सड़क एवं अन्य की समस्याओं को सुना और संबधित अधिकारी से जानकारी लेकर समाधान के लिये कहा।



सुमेरपुर, तखतगढ़, शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में सुनवाई में पहुंचे। इस मौके पर राज्य सरकार द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय तखतगढ़ को सह शिक्षा के रुप में परिवर्तित करने और पुस्तकें व फर्नीचर के संबंध में सहमति प्रदान करने पर मौजूद ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पार्षद देवाराम चौधरी, समाजसेवी कमलेश रावल, मदनलाल बोहरा, छगनलाल बोहरा भारूदा, शंकर काकू सांडेराव, पंडित सुरेश गौड़, समेत मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार की महिलाएं वृक्षों के लिए अभियान की शुरुआत

बारां, (रॉयल पत्रिका)। केंद्र सरकार की और से अमृत मित्र पहल योजना के तहत महिलाओं ने वृक्षों के लिए पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ। कार्यक्रम नगर परिषद की ओर से प्रताप चौक स्थित कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद की अमृत योजना नोडल अधिकारी भुवनेश मीणा डे एनयूएलएम संयोजक सत्यनारायण नागर और विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान अमृत योजना की नोडल अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के आवास और शहरी विकास मामलों के मंत्रालय की ओर से अमृत मित्र पहल के तहत महिलाएं वृक्षों के लिए अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत चिन्हित सात स्थानों का स्वयंसेवी महिला समूह ने निरीक्षण कर पौधारोपण की जगह देखी। इन जगहों पर 10 जून से विशाल पौधरोपण अभियान शुरू किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में सभी महिलाओं को किट दिया गया। साथ ही अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि इन सभी महिलाओं को पौधों की देखभाल कर बड़ा करने का जिम्मा दिया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस से पौधरोपण अभियान शुरू किया जाएगा। इसके अगले दो वर्ष तक पौधों की देखभाल भी की जाएगी। डे एनयूएलएम संयोजक ने बताया कि डोल तालाब, मनिहारा तालाब, बड़ा बालाजी, हाड़ौती पैनोरमा एवं कलेक्ट्रेट परिसर सहित अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया जाएगा।



# राजाराम मोहन राय की 252वीं जयंती सार्वजनिक पुस्तकालय दिवस के रूप में मनाई

बारां (रॉयल पत्रिका)। पुस्तकालय अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मीना ने बताया कि महान समाज सुधारक ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राममोहन राय की 252 वी. जयंती सार्वजनिक पुस्तकालय दिवस के रूप में जिला पुस्तकालय में मनाई गई। प्रातः कालीन सत्र में विभिन्न मोहल्लों में से आये बालक बालिकाओं को पुस्तकालय परिसर के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कराया गया। छोटे बालकों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक पुस्तकों के विशाल भंडार को देखा और कहा कि हमने पहली बार इतनी सारी किताबें एक जगह देखी है। पुस्तक प्रदर्शनी में रखी श्दिमागी कसरतें, मछली की आखें, अंतरिक्ष परिचय, भारत के वीर बालक जैसी पुस्तकों को बड़े चाव से पढ़ा। वारिश वर्मा, दक्ष ऐरवाल, ईशा ओझा, राधिका मेघवाल, दीपिका प्रजापति ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर, महारानी लक्ष्मी बाई जैसी वीरांगनाओं के जीवन चरित को पढ़ने में रुचि दिखाई। भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा ग्रीष्मावकाश काल में बालकों को पुस्तकालय से जोडने के प्रयासों की शुरुआत पुस्तकालय दिवस से की गई। 14 वर्ष आयु से कम के दो बालकों को निःशुल्क सदस्यता प्रदान की गई।



कार्यक्रम प्रभारी परामर्शदाता हरीश नागर ने स्काउट गाइड के शिविर प्रभारी शकील खान, वरिष्ठ रोवर लीडर महेश सैन, कम्प्यूटर प्रशिक्षक शशिकांत वर्मा, वरिष्ठ पाठक राजेन्द्र नागर का स्वागत सत्कार किया। अतिथियों ने बच्चों को स्तरीय शिक्षा व संस्कार के लिये पुस्तकालय से जोड़ने के विभाग के इस कार्यक्रम की सराहना की। बच्चों ने भी पुस्तकालय की सदस्यता लेने की इच्छा व्यक्त की। लोकतंत्र सैनानी पुस्तकालय में पुस्तकालय दिवस के अवसर पर आपातकाल के दौरान मीसा बंदी रहे लोकतन्त्र सैनानी संगठन के जिलाध्यक्ष सेवानिवृत प्रधानाध्यापक प्रमोद शर्मा, बारां कॉपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज नागर बामला, देवलाल सेनी, चौथमल पारेता, महावीर गौत्तम, शिवप्रसाद शर्मा, पुरुषोत्तम स्वरूप गोयल, शिशुपाल मीणा, रामकल्याण मीणा, ओम प्रकाश गौत्तम (पत्रकार) ने पुस्तकालय में अध्ययनरत बालक बालिकाओं से उनकी शिक्षा, तैयारी, प्रबंध आदि की जानकारी ली। तथा पुस्तकालय व्यवस्था की सराहना की।

# स्वर्गीय श्रीमान् बी. चौधरी को भावभीनी श्रद्धांजलि

उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। "स्व. बी. चौधरी ने अपना सम्पूर्ण जीवन श्रमिकों के हितों के लिए समर्पित कर दिया और उन्होंने हिन्दस्तान ज़िंक लिमिटेड ही नहीं वरन् सम्पूर्ण राजस्थान एवं इस क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों के विकास में अग्रणी रहे और उन्होंने श्रमिक हितों के लिए जीवनपर्यन्त कार्य किया एवं प्रतिभागी प्रबन्धन की एक अनूठी मिसाल कायम की है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है और आज भी स्व. बी. चैधरी के मार्गदर्शन, श्रमदर्शन, औद्योगिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। स्व. श्री. बी. चौधरी ने मजदूर हितों की रक्षा के अलावा क्षेत्र में सामाजिक कार्य भी किये जिसमें अस्पताल एवं बधिर विद्यालय आदि के उत्थान में तन, मन, एवं धन से सहयोग प्रदान किया। स्व. श्री चैधरी द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की गई तथा उपरोक्त परम्परा को जारी रखने का सर्वसम्मति से आह्वान किया"-



यह विचार हिन्दस्तान ज़िंक केन्द्रीय कार्यालय श्रमिक संघ के महामंत्री श्री एम.के. लोढ़ा ने स्व. बी.चौधरी की 30वीं पुण्यतिथि पर आयोजित पुष्पाजंली कार्यक्रम में व्यक्त किए। हिन्दस्तान जिंक केन्द्रीय कार्यालय श्रमिक संघ के यशद भवन स्थित संघ कार्यालय में स्व. श्री बी.चौधरी की 30वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। पुष्पाजंली कार्यक्रम में हिन्दस्तान जिंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किशोर कुमार एस, मुख्य वित्तीय अधिकारी संदीप मोदी, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी मुनीष वासुदेवा ने श्रमिक नेता स्व. बी. चैधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हिन्दस्तान जिंक केन्द्रीय कार्यालय श्रमिक संघ के पदाधिकारी महामंत्री एम.के. लोढ़ा, उपाध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा, संगठन सचिव-नारायणलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र भादविया, चन्द्रप्रकाश गन्धर्व, हर्षवर्धन औदिच्य, सुनील अमलाजिया, चेनराम डांगी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी एम.के. दीक्षित, हिम्मत लाल नागदा, प्यारे लाल सालवी एवं प्रधान कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने स्व. बी चैधरी को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# 10 वीं तथा 12 वीं सीबीएसई बोर्ड टॉपर्स का किया सम्मान

## - लक्ष्य पर अर्जुन दृष्टि रखने से आते हैं बेहतर परिणाम - डॉ. दिलीप मोदी

झुंझुनूं,(रॉयल पत्रिका)। झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी के 10 वीं एवं 12 वीं में टॉप करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिवर्ष की भांति सम्मान एवं अभिनन्दन किया गया। इस बार विद्यार्थियों के साथ-साथ उन माता-पिता एवं अभिभावकों का भी सम्मान व्यक्तिगत तौर पर उनके घर जाकर किया गया जिन्होंने इस बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बच्चों से भी अधिक तपस्या एवं मेहनत की। सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्कूल बुकलेट एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

स्कूल प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा ने विद्यालय के बोर्ड परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करते हुए बताया कि झुंझुनूं एकेडमी ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देकर सम्पूर्ण शेखावाटी में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि साइंस, कॉमर्स, ह्मैनिटीज एवं कक्षा 10 में झुंझुनूं एकेडमी ने टॉपर दिए हैं। यह परीक्षा परिणाम अभिभावक, विद्यार्थी एवं अध्यापकों की संयुक्त मेहनत से फलीभूत हो पाया है। इस परीक्षा परिणाम से सभी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा जिससे वे आगे की पढाई और बेहतर ढंग से कर सकेंगे।



झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने सभी टॉपर्स को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों को बहुत अच्छे संस्कार दिए हैं, लक्ष्य पर अर्जुन दृष्टि रखने से ही आज यह बच्चे अपना सर्वश्रेष्ठ परिणाम दे पाए हैं। उन्होंने कहा कि आपके ऐसे ही बेहतर परिणामों से हमें भी नई ऊर्जा और कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है।

स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी ने इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी के बोर्ड परीक्षा परिणाम में 25 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक तथा 73 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। विभिन्न विषयों में 83 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक अर्जित किए है। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में आपको लाने वाले आपके माता-पिता की जगह कोई नहीं ले सकता, उनके त्याग और समर्पण से ही आज आपने इतना असाधारण परीक्षा परिणाम हासिल किया है। माता पिता और अध्यापको से बड़ा कोई शुभचिन्तक नहीं हो सकता, वे सबसे बड़े मार्गदर्शक एवं आदर्श हैं। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज बेटियां भी हर क्षेत्र में सफलता का परचम फहरा रही हैं। अपने बेहतर परीक्षा परिणाम से उन्होंने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सभी स्टाफ सदस्यों ने भी टॉपर्स विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# संविधान बचाओ रैली होटल अनंता में आयोजित होगी



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संविधान बचाओ रैली 25 मई को सुबह 10:00 बजे रणथंभौर रोड पर स्थित अनंता पैलेस होटल के गार्डन में आयोजित की जायेगी जिसकी तैयारी को लेकर विधानसभा प्रभारी श्रीमान शंकर बाजडोलिया ने सिविल लाइन स्थित कांग्रेस कार्यालय पर प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक ली एवं तैयारी का जायजा लिया बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह गुर्जर, उपजिला प्रमुख बाबूलाल मीणा, उपाध्यक्ष राधेश्याम मीणा, जिला संगठन महामंत्री हरिमोहन शर्मा, सोनिका शर्मा, पार्षद अब्दुल गफूर, मीडिया प्रभारी अजय शर्मा, संजय गौतम, पार्षद सुरेंद्र नाटाणी, कांजी मीना, फौजी हरफूल गुर्जर खींची उपस्थित थे एवं जिम्मेदारी सौंपी गई।

# जिला कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ रैली




भीलवाड़ा, (रॉयल पत्रिका)। अंबेडकर सर्किल बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली आरंभ की गई। गोल प्याऊ चौराहा होते हुए सूचना केंद्र चौराहे तक संविधान बचाओ रैली का जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में 108 फीट लंबा तिरंगे के साथ गई रैली का आयोजन किया गया। सूचना केंद्र चौराहे पर बलिदान दिवस के अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पुष्पांजलि अर्पित की गई। रैली में पूर्व मंत्री रामलाल जाट, रैली के जिला प्रभारी पूर्व राज्य मंत्री उर्मिला योगी, भीलवाड़ा विधानसभा प्रभारी प्रदेश कांग्रेस सचिव रंजना शर्मा, कैलाश झालीवाल, मांडल विधानसभा प्रभारी भगवान मुक्कड़ आसींद, विधानसभा प्रत्याशी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हगामी लाल मेवाड़ा, कैलाश व्यास, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सहाड़ा विधानसभा प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी ओम प्रकाश नारायणीवाल सुशीला सालवी, शंकर लाल गाडरी, राजेश चौधरी, मनोज पालीवाल, संदीप जीनगर, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, कैलाश सेन, मंजू पोखरना, महेश सोनी, श्याम पुरोहित, चेतन डीडवानीया, दुर्गेश शर्मा, दुर्गपाल सिंह, रामगोपाल पुरोहित, अविचल व्यास, आशीष राजस्थला विभा माथुर, अनिल राठी, दुर्गेश पानेरी ओमप्रकाश तेली, राजेंद्र जैन, अब्दुल सलाम मंसूरी, रफीक शेख, मेवाराम खोईवाल, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष योगेश सोनी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा हिरण, पूर्व प्रधान भंवरलाल गर्ग पार्षद जीपी खटीक, श्याम मल्होत्रा, उस्मान पठान, जितेंद्र राजावत जितेंद्र दरयानी यशवंत कोडवानी शंकर चंनाल, लादूलाल भिलाई मुकेश गुसर प्रकाश ओझा, शिव प्रकाश गावरी ,वसीम शेख, अर्चना दुबे, कुंदन शर्मा पंचायती राज के उमेश गाडरी , डॉक्टर फैयाज मोहम्मद रामदेव खारोल महावीर लड्ढा विनोद पुरोहित मधुसूदन पारीक उम्मेदसिंह प्रधान कृष्णा सिंह मांडलगढ़ रफीक टांक, अंकित तिवारी, रामफूल धाकड़, सत्यनारायण गुर्जर, अलका लड्ढा,शाहपुरा से राजेंद्र चौधरी, यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर लाल जाट, किशन चौधरी, हरफूल जाट, अमित चौधरी, सुशील चपलोत, साबिर शेख, शहाबुद्दीन शेख, हामिद रंगरेज, सहीत कांग्रेस जन कांग्रेस उपस्थित रहे रैली कार्यक्रम को राष्ट्रगान से संपन्न किया गया।

# जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने रानी में ली उपखण्ड स्तरीय अधिकारियो की बैठक दिये आवश्यक निर्देश



पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर एलएन मंत्री आज गुरूवार को जिले के विभिन्न रानी ब्लाक के दौरे पर रहे । जिला कलक्टर मंत्री ने वहां उपखंड कार्यालय में उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने वहां पर गर्मी के मौसम में वहां की व्यवस्थाओं पानी बिजली व मानसून से पहले की जाने वाली तैयारियों की जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही रानी क्षेत्र में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न कार्या योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेकर संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी रानी भंवरलाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर मंत्री ने किया रानी पीएचसी का व जवाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने वहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानी का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने वहां रोगियो के लिये दवाईया, उपचार व विभिन्न पंजीयिकाओं, विभिन्न वार्डों का निरीक्षण, पानी, बिजली व सफाई व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं संसाधनों आदि की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने वंहा विभिन्न वाडों में जाकर जायजा लिया और वहां मौजूद रोगियो से बातचीत कर हालचाल जाने। इस अवसर पर वहां के चिकित्सा विभाग के कार्मिक मौजूद रहे। साथ ही जिला कलक्टर मंत्री ने गुदोज में आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया और वहां आंगनवाडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और मौजूद कार्मिको को आवश्यक निर्देश दिये।

## भोपाल साइक्लोथॉन ने मध्य प्रदेश में गति प्रबंधन और सड़क सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता को उजागर किया

**भोपाल।** सड़क सुरक्षा के समर्थन में एक मजबूत सार्वजनिक भागीदारी के तहत, रोड सेफ्टी नेटवर्क ने कंज़्यूमर वॉयस और नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह 2025 के अंतर्गत भोपाल में एक साइक्लोथॉन का आयोजन किया। पैदल चलने और साइकिल चलाने को सुरक्षित बनाएं विषय के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मध्य प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं, विशेष रूप से स्पीडिंग के कारण हो रही घटनाओं पर ध्यान आकर्षित करना और संवेदनशील सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए तत्काल नीति कदमों की मांग करना था रैली एनसीएचएसई परिसर, अरेरा कॉलोनी से शुरू होकर बिट्टन मार्केट के राजीव चौक, लिंक रोड नं. 3, कोलार ट्राई जंक्शन, बंसल अस्पताल और मनीषा मार्केट होते हुए पुन: एनसीएचएसई पर समाप्त हुई। भोपाल बाइसिकल राइडर ग्रुप, रायडर्स ग्रुप मंडीदीप, लायंस ऑफ भोपाल, हेल्प बॉक्स फाउंडेशन, भोपालीज़ फिटनेस कम्युनिटी और अन्य नागरिक संगठनों के 150 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा संदेशों वाले पोस्टर लेकर चले।

## ऊषा उथुप की आवाज में जेनएस लाईफ का गान 'कहानी अभी बाकी है' वृद्धावस्था को परिभाषित कर रहा है

**मुंबई, एजेंसी।** 60 साल के बाद के जीवन के लिए समर्पित उद्देश्य पर केंद्रित जेनएस लाईफ ने अपना नया गान, कहानी अभी बाकी है रिलीज़ किया है। यह गीत विभिन्न पीढ़ियों के बीच गुंजायमान हो रहा है। यह केवल एक गीत नहीं है, बल्कि यह महान कलाकार ऊषा उथुप की आवाज में भावनाओं को जगाते हुए उन लोगों की कहानियों को गौरवान्वित कर रहा है, जिनकी ऊर्जा और व्यक्तित्व उम्र के मायने बदल रहे हैं। जेनएस लाईफ संगीत, गतिविधि और जीवंत अनुभवों के माध्यम से उस पीढ़ी को सम्मानित कर रहा है, जो लगातार प्रेरणा देते हुए विकास की ओर बढ़ती और पनपती है। स्टोरीटैलिंग के साथ धुनों और जीवंत अनुभवों को आत्मसात करते हुए यह गीत, कहानी अभी बाकी है उन वरिष्ठ नागरिकों के सार को समाहित करता है, जो उद्देश्य के साथ साहसी जीवन व्यतीत करते हैं।

## 'कानखजूरा' का ट्रेलर ले जाएगा अतीत की खौफनाक गहराइयों में

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव की 'कानखजूरा' एक ऐसी कहानी की झलक दिखाती है, जहाँ खामोशी भी धोखा देती है, और जो सामने दिखता है उससे कहीं ज़्यादा खतरनाक वो होता है जो छिपा होता है। हाल ही में रिलीज़ हुआ इसका ट्रेलर एक ऐसे रहस्यमय संसार में ले जाता है जहाँ अपराधबोध पीछा नहीं छोड़ता, राज़ भीतर ही भीतर सुलगते रहते हैं, और अतीत अपना हिसाब बराबर करने को लौटता है। यह सीरीज़ मशहूर इज़रायली शो मैगपी का भारतीय रूपांतरण है, जिसे भारतीय भावनाओं और तीव्र संवेदनाओं के साथ पेश किया गया है।

कहानी दो बिछड़े भाइयों के रिश्ते को सामने लाती है, जिन्हें अपने सबसे डरावने अतीत से दो-चार होना पड़ता है झ्र जहाँ यादें और हकीकत के बीच की रेखा धुंधली पड़ जाती है। जब आपकी अपनी यादें ही आपका सबसे बड़ा कैदखाना बन जाएँ, तो फिर बचने की कोई राह नहीं होती। सारा जेन डियास, जो निशा की भूमिका निभा रही हैं, कहती हैं, कानखजूरा में कुछ तो है जो बेचैन कर देता है झ्र सिर्फ कहानी नहीं, बल्कि वह सब कुछ जिससे आपको जूझना पड़ता है झ्र अपराधबोध, परिवार और यादें। निशा ऐसा किरदार है जो बाहर से खुद को संभाले रखने की कोशिश करती है, लेकिन अंदर से टूट रही होती है। यह एक जटिल और परतदार किरदार है जिसे निभाना आसान नहीं था, लेकिन इसने मुझे भीतर से और भी मज़बूत बनाया।

# भारत के उद्यमियों के लिये एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म

**एक ऐसा ऐप जो देशभर के छोटे कारोबारियों को कहीं भी, कभी भी देता है अपने वित्त पर पूरा नियंत्रण**




**भोपाल।** इंदौर की एक हार्डवेयर दुकान से उज्जैन के ट्यूशन सेंटर तक – मध्य प्रदेश के छोटे कारोबार अब डिजिटल युग में कदम रख रहे हैं। और इस बदलाव में उनका भरोसेमंद साथी बन रहा है टाइड। एक ऐसा राज्य, जहाँ उद्यमियों को अब तक लंबी कतारों, भारी-भरकम कागजी कार्यवाही और सीमित कर्ज़ सुविधाओं जैसी चुनौतियों से जूझना पड़ता था, वहीं अब टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल-फर्स्ट बिज़नेस ओनर्स की एक नई पीढ़ी उभर रही है – और वे टाइड को अपना विकास-साथी बना रहे हैं।

टाइड1 भारत का एक अग्रणी बिज़नेस मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म है, जो देशभर के छोटे और मझोले कारोबारों (एमएसएमई) को उनके पैसे, कागजात, बिजनेस एडमिन, और भुगतानों को एक ही मोबाइल ऐप से मैनेज करने की सुविधा देता है। चाहे कोई कारोबारी अपना व्यापार शुरू कर रहा हो या पहले से एक बढ़ता हुआ बिज़नेस चला रहा हो – टाइड उनके लिए काम को तेज़, आसान और स्मार्ट बनाता है।

अब कारोबारियों को न तो शाखा-दर-शाखा दौड़ने की ज़रूरत है और न ही दस्तावेज़ों के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ता है। टाइड ऐप खास तौर पर छोटे व्यवसायों की जरूरतों के हिसाब से डिज़ाइन किया गया है। इसके ज़रिए एमएसएमई कुछ ही मिनटों में उद्यम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, घर बैठे जीएसटी के लिए आवेदन कर सकते हैं और अपने कारोबार के लिए उपयुक्त सरकारी योजनाओं की जानकारी भी पा सकते हैं। टाइड ऐप की प्रमुख सुविधाओं में यूपीआई से डिजिटल पेमेंट, मनी ट्रांसफर और यूटिलिटी बिल का त्वरित भुगतान, लेंडिंग पार्टनर्स से आसान कर्ज़ उपलब्धता, 9.1 प्रतिशत तक ब्याज दर पर फिक्स्ड डिपॉज़िट खोलने की सुविधा और जल्द ही लॉन्च होने वाला एनसीएमसी कार्ड, जिससे मेट्रो, बस और ट्रेन से सफर करना होगा और भी आसान शामिल हैं। यह एक पूर्ण फाइनेंशियल टूलकिट है, जिसमें कोई बिचौलिया नहीं होता और सारे काम बिना किसी देरी के पूरे होते हैं।

# कैनडियर ने शाहरुख़ ख़ान को बनाया अपना ब्रांड एम्बेसडर

**कैनडियर ने देश में उभरते लाइफस्टाइल ज्वैलरी सेगमेंट में तेजी से विकास के लिए खुद को किया तैयार किया**



**मुंबई, एजेंसी।** कल्याण ज्वैलर्स के लाइफस्टाइल ज्वैलरी ब्रांड कैनडियर ने बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख़ ख़ान को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। यह साझेदारी कैनडियर की राष्ट्रीय विस्तार रणनीति का एक अहम पड़ाव है, और आधुनिक ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ज्वैलरी को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। ब्रांड ने ऐसी ज्वैलरी पेश की है, जो व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति, अर्थपूर्ण उपहार और दैनिक स्टाइल का प्रतीक बने।

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख़ ख़ान, जिनकी लोकप्रियता सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर फैली है, अब कैनडियर के डिजिटल, टीवी, प्रिंट और इन-स्टोर कैंपेन का चेहरा होंगे। उनके कालातीत आकर्षण और गहराई से जुड़े फैनबेस के चलते वे कैनडियर के विज़न के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। कैनडियर के डायरेक्टर, श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, भारतीय ज्वैलरी उद्योग में अब स्पष्ट सेगमेंटेशन देखने को मिल रहा है – उपभोक्ता अब ऐसी ज्वैलरी चाहते हैं जो उनके व्यक्तित्व, जीवनशैली और खास मौकों से मेल खाए। कैनडियर इसी बदलाव के अनुरूप बना है – खासकर उन लोगों के लिए जो दिल से लट्टू हैं- अभिव्यक्तिपूर्ण, अलग और डिजिटल रूप से जुड़े हुए। शाहरुख़ ख़ान के साथ हमारी साझेदारी हमारी इन्हीं भावनाओं को दर्शाती है। ने पीढ़ियों को जोड़ते हैं और आज के दौर में भी उनकी लोकप्रियता शानदार है। उनके साथ हम यह संदेश देना चाहते हैं कि कैनडियर की ज्वैलरी अब सिर्फ साज-सज्जा नहीं, बल्कि पहचान और इरादे की सोच-समझकर की गई एक विचारशील, व्यक्तिगत अभिव्यक्ति है।

कैनडियर ने अपने डिज़ाइन-प्रेरित और आधुनिक संग्रहों के साथ लाइफस्टाइल ज्वैलरी के क्षेत्र में एक अनोखी पहचान बनाई है। जहां यह ब्रांड महिलाओं की समकालीन ज्वैलरी के लिए जाना जाता है, वहीं पुरुषों के लिए भी इसका कलेक्शन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है – और यह बाजार में सबसे विस्तृत पुरुष ज्वैलरी संग्रहों में से एक पेश करता है। कैनडियर के ब्रांड एम्बेसडर शाहरुख़ ख़ान ने कहा ज्वैलरी हमेशा प्यार, यादों और पहचान की एक सशक्त अभिव्यक्ति रही है। मैं कल्याण ज्वैलर्स समूह के ब्रांड कैनडियर के साथ जुड़कर बेहद उत्साहित हूं – यह ब्रांड एक ताज़ा और आधुनिक सोच प्रस्तुत करता है कि आज के दौर में लोग कैनडियर कैसे पहनते हैं और उपहार में देते हैं।

# सैनडिस्क ने भारत में कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स का वर्कफ्लो आसान बनाने के लिए एसएसडी पेश की

**मुंबई, एजेंसी।** कंटेंट क्रिएटर्स विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर दिलचस्प कहानियाँ, सुंदर विज़्युअल और उच्च क्वालिटी के वीडियो पेश करके लोगों का दिल जीत रहे हैं। प्रीमियम कंटेंट की मांग को पूरा करते रहने के लिए उन्हें काफी बड़ी स्टोरेज क्षमता और तेज एवं प्रभावी वर्कफ्लो की जरूरत पड़ती है। कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स की मांग को पूरा करने के लिए सैनडिस्क ने डब्ल्यू डी ब्लू एसएन5000 एनवीएमई एसएसडी पेश की है। यह अगली जनरेशन का स्टोरेज है, जो कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स के वर्कफ्लो की मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाईन किया गया है और मल्टी-स्ट्रीम 4के वीडियो, इमेज एवं ऑडियो को स्टोर करना आसान बना देता है।




विशेषताएं, फीचर्स और उपलब्धता: यह डिवाईस पीसीआईई जेन 4 के साथ उत्पादकता और वर्कफ्लो को तेज कर देती है तथा 5,500एमबी/एस2 तक की रीड स्पीड (4टीबी मॉडल) प्रदान करती है, जो पिछली जनरेशन के मुकाबले 24प्रतिशत बेहतर है। एम.2 2280 फॉर्म फैक्टर के साथ, डब्ल्यू डी ब्लू एसएन5000 एनवीएमई एसएसडी पीसी की स्टोरेज क्षमता बढ़ाने, एआई का उपयोग करने तथा रचनात्मक वर्कफ़्लो को सुव्यवस्थित करने में मदद करती है। इस ड्राइव में बहुत तेज फ़ोल्डर और फ़ाइल कॉपी के लिए सैनडिस्क एनकैश 4.0 टेक्नोलॉजी दी गई है तथा एनवीएमई द्वारा हैवी प्रोजेक्ट्स की मल्टीटास्किंग भी आसान हो जाती है। डब्ल्यू डी ब्लू एसएन5000 एनवीएमई एसएसडी 500 जीबी से लेकर 4 टीबी तक की क्षमता में उपलब्ध है, जिसकी कीमत 3,199 से शुरू होती है। भारत में कंटेंट क्रिएटर अर्थव्यवस्था का लगातार विस्तार हो रहा है। ऐसे में डब्ल्यूडी ब्लू एस.एन. 5000 ग्राहकों को उच्च परफॉरमेंस और उच्च क्षमता का डेटा स्टोरेज प्रदान कर सकती है।

## पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं के लिए नाश्ते के विकल्प जरूरी: ऋतिका समद्दार

**भोपाल।** भारत समेत दुनियाभर की महिलाओं में पॉलीसिस्टिक ओव्हरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पीसीओएस के कारण हॉर्मोन में असंतुलन होता है, जिससे पूरी सेहत, मेटाबोलिज़्म और वजन पर असर पड़ता है। ऐसे में जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ खानपान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि रोज़ाना के नाश्ते में बादाम जैसे मेवों को शामिल करना इस दिशा में एक असरदार कदम हो सकता है। बादाम शरीर को दिनभर स्थिर ऊर्जा देते हैं और पीसीओएस डाइट को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस विषय पर जानकारी साझा करते हुए मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली में डायटीटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार बताती हैं कि पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं के लिए ऐसे नाश्ते के विकल्प जरूरी हैं जो न केवल आसान और पौष्टिक हों, बल्कि व्यस्त सुबह के लिए भी उपयुक्त हों। उनका मानना है कि आहार में पौष्टिकता और स्वाद का संतुलन होना चाहिए। ऋतिका के अनुसार, साबुत अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियां और बादाम जैसे तत्व हार्मोन संतुलन बनाए रखने, वजन नियंत्रित करने और समग्र स्वास्थ्य सुधारने में सहायक होते हैं।

ऋतिका समद्दार ने कुछ ऐसे पौष्टिक और सुविधाजनक नाश्तों के सुझाव दिए हैं, जिन्हें अपनी पसंद और ज़रूरत के मुताबिक आसानी से बदला भी जा सकता है।

# आइरिस क्लोदिंग्स ने क्यू4 एफवाय25 में दिखाई तगड़ी कमाई!

**दीर्घकालिक विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतिक पहलों से ग्रोथ को गति**

**हावड़ा, एजेंसी।** आइरिस क्लोथिंग्स लिमिटेड, जो बच्चों के रेडीमेड परिधानों के डिज़ाइन, निर्माण, ब्रांडिंग और बिक्री में संलग्न है, ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री संतोष लढ्ढा का वक्तव्यमुझे खुशी है कि क्यू4 एफवाय25 में हमने विकास की दिशा में आगे बढ़ना जारी रखा है। पूरे वर्ष हमें इनपुट लागत से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन क्यू4 एफवाय25 में हमने परिचालन लाभप्रदता में सुधार देखा। इस वृद्धि में हमारे क्र्क्रसेगमेंट का बड़ा योगदान रहा, जहाँ इस तिमाही में हमने 9 नए वितरक जोड़े। हाल ही में हमने 47.5 करोड़ के राइट्स इश्यू के ज़रिए पूंजी जुटाई है, जिसे रणनीतिक रूप से हमारी विकास योजनाओं में लगाया जाएगा। एफवाय26 को देखते हुए, हम अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 38,000 पीस प्रतिदिन करने की योजना बना रहे हैं। हम अपनी नई इनरवियर लाइन लॉन्च करने और स्पोर्ट्सवियर सेगमेंट को मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं झ्र यह हमारे नवाचार और गुणवत्ता के प्रति समर्पण को दर्शाता है। हमें उम्मीद है कि ऑर्गेनिक डिमांड और नई क्षमता विस्तार से मज़बूत वृद्धि होगी, साथ ही रिटेल छ्र2छ्र सेगमेंट को भी बढ़ावा मिलेगा जिससे हम हमारे विकास के पथ को तेज कर सकेंगे और हमारे सभी हितधारकों के लिए अधिक मूल्य प्रदान कर सकेंगे।

**इंटेंस टेक्नोलॉजीज़ ने दिखाई दमदार छलांग, सालाना राजस्व में 32 प्रतिशत की बढ़त!**

# प्रमुख ग्राहकों के लिए उन्नत समाधान पेशकश

**मुंबई।** इंटेन्स टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड एक वैश्विक स्तर पर कार्यरत प्लेटफ़ॉर्म-आधारित सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी है, जो कस्टमर कम्युनिकेशन, डेटा प्रबंधन और प्रोसेस ऑटोमेशन में मिशन-क्रिटिकल समाधान प्रदान करती है। आज कंपनी ने अपने ऑडिट किए गए क्यू4 एफवाय25 परिणामों की घोषणा की, जिसमें बीएफएसआइ, टेलिकॉम और सरकारी क्षेत्रों में इसके लगातार प्रभाव को रेखांकित किया गया है। इंटेन्स टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक श्री सी.के. शास्त्री ने कहा- हमें गर्व है कि हमने समेकित राजस्व में 32 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि प्राप्त की है, साथ ही 12 प्रतिशत की साल दर साल इबीआइडीडीए वृद्धि हासिल की है—यह एक उपलब्धि है जो हमारे नवाचार, रणनीतिक निवेश और हमारे ग्राहकों और साझेदारों के लिए स्थायी मूल्य बनाने के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बिक्री और विपणन में हमारी केंद्रित निवेश रणनीतियाँ स्पष्ट रूप से परिणाम दे रही हैं, जो एक उच्च-प्रदर्शन करने वाली बिक्री संगठन और प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत बाजार पैठ के रूप में परिलक्षित हो रही हैं, जिससे हमें नए राजस्व धाराओं को अनलॉक करने और ग्राहक संबंधों को गहरा करने में मदद मिल रही है। हमारे एजेंटिक एआई और जनरेटिव एआई क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करना ग्राहकों को वास्तविक समय में अनुकूलित करने, नवाचार को तेज़ करने, और दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने में सक्षम बना रहा है। यह बदलाव न केवल नवाचार को तेज़ करता है बल्कि उद्यमों को परिचालन जटिलता को कम करने, मूल्य प्राप्ति में समय को कम करने और वृद्धि के लिए नए अवसरों को अनलॉक करने में भी मदद करता है। हमारी परिचालन शक्तियों को बदलते बाजार की मांगों के साथ संरेखित करके, हम विशिष्ट रूप से ग्राहकों को पूर्वानुमान योग्य, लागत-कुशल और परिणाम-प्रेरित समाधान प्रदान करने के लिए स्थिति में हैं, जो वृद्धि और लचीलापन को बढ़ावा देते हैं। इंटेन्स टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड की निदेशक श्रीमती अनीशा शास्त्री ने कहा पिछले वर्ष में, हमने बीएफएसआइ और सरकारी क्षेत्र में 20 नए ग्राहक (लोगो) हासिल किए हैं, जो हमारे समाधानो पर बढ़ते विश्वास और हमारे द्वारा ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली परिचालन क्षमता को दर्शाता है। वैश्विक साझेदारियों का विस्तार, नए बाजारों में प्रवेश और मजबूत बिक्री एवं नेतृत्व टीम बनाने के हमारे प्रयास स्पष्ट परिणाम दे रहे हैं। मुंबई और यू.एस. में नए बिक्री कार्यालयों के साथ, और एक अधिक केंद्रित बाजार रणनीति के संयोजन से, हम तेजी से बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को सेवा देने और प्रमुख क्षेत्रों में भागीदारी को गहरा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।

## ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज ने क्यू4 एफवाय25 में लगातार 360 प्रतिशत शुद्ध लाभ वृद्धि हासिल की!

**मुंबई।** ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड भारत की प्रमुख इंफास्ट्रक्चर कंसल्टेंसी कंपनियों में से एक, ने क्यू4 और एफवाय25 के लिए ऑडिट किए गए वित्तीय परिणामों की घोषणा की। ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड की प्रबंध निदेशक श्रीमती तन्वी दंडवते झ्र औटी ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने एफवाय25 में अत्यधिक अच्छा प्रदर्शन किया, जो लगातार प्रोजेक्ट जीत और उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों में रणनीतिक विस्तार द्वारा संभव हुआ। इस वर्ष ने रेलवे क्षेत्र में हमारी सफलता का प्रतीक बना, जहां हमें पश्चिम मध्य रेलवे से सामान्य कंसल्टेंसी का अनुबंध मिला, साथ ही कई राज्यों में हाईवे और शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी प्रमुख जीत हासिल की। 573+ करोड़ के कुल अनुबंध मूल्य के साथ, हमारी कार्यान्वयन गति मजबूत बनी हुई है। हमें विश्वास है कि यह मजबूत आधार, जो विविध परियोजना पोर्टफोलियो द्वारा समर्थित है, सतत विकास और हमारे स्टेकहोल्डर्स के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन में लगातार योगदान देगा।

## 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' में दीक्षा धामी की दमदार वापसी

**इंदौर।** शेमारू उमंग के शो बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन के दर्शक अभी भी चैना की चौंकाने वाली मौत से उबर नहीं पाए हैं। लेकिन क्या यह वाकई चैना की कहानी का अंत है? या कहानी में अब एक नया मोड़ आने वाला है? ऐसे में जब दर्शकों को लगा कि उन्होंने चैना को हमेशा के लिए खो दिया है, तो शो में आने वाले एक रोमांचक नए ट्विस्ट ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया। चैना के मासूम और सौम्य किरदार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाली दीक्षा धामी अब बिलकुल एक नए अवतार में अपनी धमाकेदार वापसी कर रही हैं। अब वह रसीली के रूप में दिखेंगी जो एक मजबूत इरादे वाला, बहादुर और अनोखा किरदार है।

# टाइटन एज की नई कलेक्शन के साथ स्टाइल और कलर का परफेक्ट मेल



**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे पतली घड़ी ब्रांड एज बाय टाइटन ने इस गर्मी अपनी नई मुरूल्स कलेक्शन के साथ फैशन और इंजीनियरिंग काबेहतरीन संगम पेश किया है। 'कलात्मक रूप से डिज़ाइन की गई' इस नई कलेक्शन में गर्मियों के रंग, हलकापन औरआधुनिकता का अनूठा मिश्रण है। सिर्फ 4.3 मिमी पतली इस घड़ी की खूबसूरती इसके सादे लेकिन प्रभावशाली डिज़ाइन में है। इसमें इस्तेमाल हुआ है टाइटन का खास 1.15 मिमी काश्वस्लद्द 9081 मूवमेंट, जो इसे तकनीकी रूप से भी बेहद खास बनाता है। इसका पतला और स्टाइलिश लुक गर्मियों की हल्की-फुल्की ड्रेसिंग के लिएएकदम परफेक्ट है—चाहे आप दफ्तर जा रहे हों या किसी ब्रंच पर। मुरूल्स कलेक्शन की खास बात है इसके डायल्स के रंग—गुलाबी नीला , सेज ग्रीन और हल्का पीला—जो गर्मियों की मिठास, आइसक्रीमकी ठंडक और धूप की नर्म रोशनी से प्रेरित हैं। ये रंग सिर्फ देखने में सुंदर नहीं, बल्कि पहनने में भी हल्के और मन को भाने वाले हैं। स्टेनलेस स्टील के केस और टाइटन के आइकॉनिक 'स्कूप' डिज़ाइन के साथ यह घड़ी न सिर्फ देखने में खूबसूरत है, बल्कि हर मौके के लिए उपयुक्त भी है।

# एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने आर्कीटेक्ट्स एवं इंटीरियर डिज़ाइनर्स को सशक्त बनाने के लिए लॉन्च किया 'ड्यूलक्स मास्ट्रो' प्रोग्राम

**गुरूग्राम, एजेंसी।** जानी-मानी ग्लोबल पेंट्स एवं कोटिंग कंपनी और ड्यूलक्स पेंट्स की निर्माता एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने भारत की आर्कीटेक्ट और डिज़ाइनर कम्युनिटी को सशक्त बनाने के लिए 'ड्यूलक्स मास्ट्रो' के लॉन्च की घोषणा की है, क्योंकि वे आज के नए भारत के लिए आधुनिक लिविंग स्पेसेज़ तैयार करते हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक' भारत में इंटीरियर डिज़ाइन का मार्केट 14.3 फीसदी की दर से बढ़कर 2030 तक 81.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारत में शहरीकरण 2050 तक तकरीबन 50 फीसदी के आंकड़े को पार कर जाएगा, ऐसे में टियर 2 और टियर 3 शहरों में क्यूरेटेड एवं पर्सनलाइज़्ड लिविंग स्पेसेज़ की मांग तेज़ी से बढ़ रही है।ड्यूलक्स मास्ट्रो




के लॉन्च पर बात करते हुए रोहित तोतला, एक्ज़क्टिव डायरेक्टर एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने कहा, ''हाइपर-पर्सनलाइज़्ड एवं ट्रेंडी लिविंग स्पेसेज़ की बढ़ती मांग के बीच आज के संपन्न उपभोक्ता इंटीरियर डिज़ाइनरों एवं आर्कीटेक्ट्स की विशेषज्ञता का लाभ उठा रहे हैं। गुणवत्ता एवं इनोवेशन में एक्ज़ोनोबेल की 70 सालों की धरोहर के साथ ड्यूलक्स मास्ट्रो एक प्रोडक्ट से कहीं बढ़कर है।

यह डिज़ाइन प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, ताकि वे महानगरों में और महानगरों के दायरे से आगे बढ़कर डिज़ाइन के प्रति सजग नए भारत में स्पेसेज़ को नया आयाम दे सकें।'' आर्कीटेक्ट्स एवं इंटीरियर डिज़ाइनरों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किए गए ड्यूलक्स मास्ट्रो प्रोग्राम में कलर, विज़ुअलाइज़ेशन एवं पर्सनलाइज़ेशन में ड्यूलक्स के रूझानों के साथ आधुनिक बिज़नेस सपोर्ट शामिल है।

साईट इंस्पेक्शन से लेकर, ऑन-साईट सैम्पलिंग, एक्सपर्ट कलर कन्सलटेन्सी और 2000 से अधिक शेड्स वाले ड्यूलक्स कलर प्लग-इन से युक्त अडवान्स्ड डिजिटल विज़ुअलाइज़ेशन तक; टेकनिकल ट्रेनिंग से लेकर ऑन-डिमांड प्रीव्यू तक- ड्यूलक्स के मान्यता प्राप्त सर्वोच्च कॉन्ट्रैक्टर्स एवं कोटेशन टूल्स के साथ यह प्रोग्राम हर चरण पर प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाता है।

# किआरा आडवाणी का बिकिनी लुक, वॉर 2 की स्टाइलिस्ट अनाइता ने की तारीफ

**बॉलीवुड** अभिनेत्री किआरा आडवाणी जल्द ही एक्शन फिल्म वॉर 2 में नजर आएंगी। इसी बीच, फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने किआरा की जमकर तारीफ की है। हाल ही में रिलीज फिल्म के टीजर ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर को शानदार एक्शन के लिए लोगों ने खूब पसंद किया। वहीं, किआरा आडवाणी ने बिकिनी में पूल के किनारे अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए धूम मचा दी। फिल्म में किआरा का लुक तैयार करने वाली अनाइता ने कहा, यह पहली बार था, जब मैंने किआरा को किसी फिल्म के लिए स्टाइल किया था और यह निर्देश था कि लुक आकर्षक हो। मैंने पहले भी कई फिल्मों के लिए स्विमसूट स्टाइल किए हैं। मैंने हमेशा उन्हें अधिक सहज मानसिकता के साथ देखा है। मेरे लिए, मैं उसके लिए जो वास्तविक वाइब चाहती थी, वह यह था कि हम समुद्र तट पर महिलाएं कैसी होती हैं, खुश, तनावमुक्त, बिकिनी में पूरी तरह से खुद को, बिना इस बात पर ज्यादा सोचे कि यह कितना छोटा या बड़ा है, इस तरह की सहजता सुंदर है।



यहां तक कि जब दृश्य की शूटिंग हो रही थी, तब भी फैशन स्टाइलिस्ट ने अभिनेत्री से कहा कि वह इसे अपना लें, अपनी जगह पर रहें, अपना काम करें, न कि यह दिखाएं कि मैं स्विमसूट में हूं, इसलिए मुझे अब ग्लैमरस दिखना है। अनाइता ने बताया कि फिल्म में किआरा के बिकिनी लुक के बारे में और भी बहुत कुछ देखने और जानने को मिलेगा। उन्होंने कहा, किआरा के लिए, मैं एक असामान्य रंग, कुछ अप्रत्याशित चुनना चाहती थी। यह एक ऐसा शेड है, जिसे पहचानना मुश्किल है... बिल्कुल हरा नहीं, बिल्कुल पीला नहीं। यह कहीं बीच में है, एक लुभावना, लगभग अवर्णनीय मिश्रण जो तुरंत आपको अपनी ओर खींचता है। उन्होंने आगे कहा, पहली बार हमने बिकिनी चार्म्स पेश किए हैं। मुझे यह पसंद है कि यह लुक में ठीक उतनी मस्ती और रहस्य जोड़ता है। उन्होंने आगे कहा, किआरा ने हमें बिल्कुल वैसा लुक देने के लिए बहुत मेहनत की, जैसा हम चाहते थे। मैं चाहती थी कि वह इतनी सहज महसूस करें कि उन्हें यह सोचने की जरूरत न पड़े कि वह किस तरफ मुड़ रही हैं या क्या कर रही हैं।

# पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं चल सकते: पायल घोष

**एक्ट्रेस** पायल घोष ने अपनी तुर्की यात्रा को रद्द करने के कारणों का खुलासा किया। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं हो सकते। दरअसल, भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके बाद तुर्की और अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। इसी वजह से भारतीयों में तुर्की के प्रति नाराजगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान के संदर्भ में, जिसमें उन्होंने कहा था खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, पायल ने कहा कि पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं हो सकते। उन्होंने बताया कि उन्हें 30 लाख रुपये का अच्छा ऑफर मिला था, फिर भी उन्होंने तुर्की जाने से साफ इन्कार कर दिया। बातचीत में पायल घोष ने कहा, पैसा देश की इज्जत और गर्व से ऊपर नहीं हो सकता। मैं सबसे पहले एक भारतीय हूं, फिर एक एक्ट्रेस या आर्टिस्ट। जैसे हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, वैसे ही पीठ में छुरा घोंपना और टूरिस्ट विजिट्स और एंटरटेनमेंट एक साथ नहीं हो सकता। पायल घोष ने कहा, अगर तुर्की ने ऐसे अहम वक्त में पाकिस्तान का साथ चुना, तो वे हम भारतीयों से या हमारे टूरिज्म से कमाई की उम्मीद नहीं कर सकते, चाहे वो सेलिब्रिटी के रूप में हो या आम पर्यटक के तौर पर। मैं अपने फैसले को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हूं, इसलिए मैंने तुर्की जाने का प्लान रद्द कर दिया। भगवान की कृपा से मुझे जो चाहिए, वह सब मिला है। मैं पैसे के लिए अपने देश को कभी पीछे नहीं रख सकती। जय हिंद! हाल ही में फिल्म एक्ट्रेस नीतू चंद्रा ने तुर्की जैसे देशों का बहिष्कार करने की मांग की थी। नीतू का कहना है कि जो भी देश आतंकवादियों का साथ देते हैं, उनके खिलाफ भारत को कड़ा कदम उठाना चाहिए। ऐसा इसलिए जरूरी है ताकि देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो और संस्कृति को बचाया जा सके। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा था, मुझे लगता है कि आतंकवाद को किसी भी हालत में सही नहीं ठहराया जा सकता, चाहे वह कहीं भी हो। इसमें हमेशा निर्दोष लोग ही परेशान होते हैं। जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, भारत को उसका बहिष्कार करना चाहिए। हम पहले ही बहुत कुछ झेल चुके हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरी लोगों से बस यही अपील है कि कोई भी कदम उठाने से पहले अच्छे से सोचें। हमें इंसानियत के साथ यह लड़ाई लड़नी है, लेकिन एक इंसान होने के नाते हमें जिम्मेदारी से काम लेना चाहिए। ध्यान रखें कि आपका समर्थन किसके साथ है और उसका मकसद क्या है।



**टैक्स चोरी से जुड़ा है मामला**

# अर्जुन के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट रद्द

**अभिनेता** अर्जुन रामपाल के खिलाफ टैक्स चोरी मामले में जारी गैर-जमानती वारंट को बॉम्बे हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। मामला साल 2019 में टैक्स चोरी से जुड़ा है। आज बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने इसी मामले में अभिनेता के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने वाले स्थानीय अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने इस आदेश को मैकेनिकल और क्रिप्टिक कहा है।

## अर्जुन रामपाल ने किया था हाईकोर्ट का रुख

न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की अवकाश पीठ ने कहा कि मजिस्ट्रेट का आदेश कानून के विपरीत था और बिना सोचे-समझे पारित किया गया था। आयकर अधिनियम की धारा 276सी (2) के तहत अपराध के लिए आई-टी विभाग द्वारा शुरू किए गए 2019 के एक मामले में अर्जुन रामपाल के खिलाफ एक मजिस्ट्रेट अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी किया। अर्जुन ने मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा 9 अप्रैल को अपने खिलाफ पारित इस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था।

## अर्जुन रामपाल ने पेश किया था आवेदन

जिस धारा में अर्जुन रामपाल के खिलाफ मामला है, यह धारा ऐसे व्यक्ति से संबंधित है, जो जानबूझकर टैक्स, जुर्माना या ब्याज के भुगतान से बचने का प्रयास करता है। अभिनेता की याचिका के अनुसार, उनके वकील ने मजिस्ट्रेट के समक्ष पेशी से छूट के लिए आवेदन पेश किया था। हालांकि, अदालत ने इसे खारिज कर दिया और अर्जुन रामपाल के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया।





# रश्मिका ने डिज्नी की दुनिया में मारी शानदार एंट्री

**साउथ** और बॉलीवुड में कई हिट फिल्में देने के बाद अब रश्मिका मंदाना कुछ ऐसा करने जा रही हैं, जिसके साथ ही वो शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय जैसे सितारों की फेहरिस्त में शामिल हो जाएंगी। हिंदी सिनेमा की दो मेगा हिट फिल्मों 'एनिमल' और 'छावा' का हिस्सा रहीं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की लोकप्रियता को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माण कंपनी डिज्नी पिक्चर्स ने भी सलाम कर दिया है। भारतीय सिनेमा के गिनती के सितारे ही ऐसे रहे हैं जिन्हें डिजनी की फिल्मों के साथ जुड़ने का ये गौरव मिला है। फिल्म 'मुफासा' में महेश बाबू की जोड़ी जमने के बाद रश्मिका दूसरी साउथ सिनेमा कलाकार हैं, जिनके साथ डिज्नी ने अपनी किसी फिल्म का रिश्ता जोड़ा है। दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म कंपनियों में से एक डिज्नी की शुरू से कोशिश रही है कि वह जिन जिन देशों में वहां की भाषाओं में अपनी फिल्में डब करके रिलीज करती है, वहां के सितारों के साथ वह एक भावुक रिश्ता जरूर बनाती है। फिल्म 'द लॉयन किंग' और फिल्म 'मुफासा' में शाहरुख खान ने अपने बेटों के साथ फिल्म के मुख्य किरदारों की डबिंग की है। फिल्म 'मुफासा' के लिए साउथ सिनेमा के सुपरस्टार महेश बाबू का भी नंबर लगा था। महेश बाबू इन दिनों निर्देशक एस एस राजामौली की फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इससे पहले अभिनेत्रियों में ऐश्वर्या राय बच्चन ने डिज्नी की ही फिल्म 'मैलिफिसिएंट' में मुख्य किरदार की डबिंग की और फिल्म 'फ्रोजेन' में ये मौका प्रियंका चोपड़ा को मिला। स्थानीय कलाकारों के साथ काम करने की डिज्नी की इसी दशकों पुरानी परंपरा का हिस्सा अब रश्मिका मंदाना बनी है। रश्मिका ने डिज्नी की इस शुक्रवार रिलीज हो रही फिल्म 'लिलो एंड स्टिच' के जरिये डिज्नी से अपना रिश्ता बनाया है।

## फैंस के कमेंट्स

निया के फैंस उनके इस लुक पर लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, उफ्फ गॉर्जियस, एक और फैन ने लिखा, हाय ये गर्मी, एक और फैन ने लिखा, बेहद खूबसूरत और हॉट, एक और फैन ने लिखा, कोई इतनी खुबसूरत कैसी हो सक्ति है, वहीं कई निया के फैंस फायर और दिल वाले इमोजी बरसा रहे हैं।

**साउथ के मशहूर अभिनेता सूर्या लगातार कई सारे प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'रेट्रो' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाई। इस बीच अभिनेता के आगामी प्रोजेक्ट 'सूर्या 45' के टाइटल को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं, उनके आगामी प्रोजेक्ट 'सूर्या 46' का शुभारंभ भी हुआ।**

# साउथ अभिनेता सूर्या की आगामी फिल्म का हुआ शुभारंभ




अभिनेता के आगामी प्रोजेक्ट 'सूर्या 46' का हैदराबाद में भव्य पूजन के साथ शुभरंभ हुआ। सूर्या की फिल्म सोमवार को एक पारंपरिक पूजा समारोह के साथ आधिकारिक तौर पर फ्लोर पर आ गई। इसका निर्देशन वेंकी एटलुरी ने किया है। निर्देशक त्रिविक्रम ने सूर्या 46 की मुहूर्त पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और फिल्म की शूटिंग को आधिकारिक तौर पर शुरू करने के लिए औपचारिक रूप से पहला क्लैप भी दिया।

## 'सूर्या 46' की स्टार कास्ट

सूर्या 46 की कास्ट सितारों से सजी हुई है। फिल्म में ममिता बैजू लीड एक्ट्रेस के तौर पर शामिल हैं। उनके अलावा बॉलीवुड स्टार अभिनेत्री रवीना टंडन और अभिनेत्री राधिका सरथकुमार महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग 30 मई से शुरू होने वाली है। सूर्या 45 के शीर्षक को लेकर भी तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म का शीर्षक वेट्टई करुप्पु हो सकता है। इसके साथ ही प्रशंसकों की उत्सुकता भी बढ़ गई है।

# मोना की मनोहर कहानियां में मेरा किरदार लोगों को अपने हिसाब से चलाता है- सृष्टि रोडे



**मनोरंजन** की दुनिया में एक नई और दिलचस्प सीरीज आने वाली है, जिसका नाम है मोना की मनोहर कहानियां, यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। इस सीरीज में सृष्टि रोडे और अंकुर नय्यर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। दोनों कलाकार अपने-अपने किरदारों को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि इसकी कहानी दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देगी। यह सीरीज 22 मई से शुरू होने वाली है। इस सीरीज से सृष्टि रोडे ओटीटी की दुनिया में अपना डेब्यू कर रही हैं। उन्होंने कहा, मोना का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन बहुत अच्छा अनुभव भी रहा। मेरा किरदार काफी आकर्षक है। वह खुद को दिखाने की कोशिश नहीं करती। वह राज छुपाती है, लेकिन किसी को पता नहीं चलता। वह बेहद चालाकी से लोगों को अपने हिसाब से चलाती है, उसे देख लोग भी हैरान रह जाते हैं। सृष्टि ने कहा कि उन्हें हमेशा से ऐसे मजबूत और थोड़े रहस्यमय महिला के किरदार काफी पसंद हैं, जैसे- फिल्म हसीन दिलरुबा में तापसी पन्नू का किरदार, 7 खून माफ में प्रियंका चोपड़ा का किरदार। ऐसे किरदार जिसमें गहराई और कई परतें हो। एक्ट्रेस ने कहा, मोना का किरदार निभाना उनके लिए अब तक की सबसे मजेदार और चुनौतीपूर्ण वाली भूमिका रही है। मोना की मनोहर कहानियां की कहानी में बहुत सारे रहस्य और चौंकाने वाले मोड़ हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि मोना की ये मनोहर और रहस्यमयी कहानियां दर्शकों को आखिर तक बांधे रखेंगी और सबको बहुत पसंद आएंगी। साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज मोना की मनोहर कहानियां की कहानी कुछ भयानक हत्याओं से शुरू होती है।

# युजवेंद्र चहल संग डेटिंग रूमर्स पर आरजे महवश ने तोड़ी चुप्पी



सोशल मीडिया के इस दौर में जहां लोकप्रियता मिलती है, वहीं अफवाहें और ट्रोलिंग का सामना करना भी आम बात बन चुकी है। ऐसा ही कुछ हाल के दिनों में रेडियो जॉकी से हाल ही में एक्ट्रेस बनीं आरजे महवश के साथ देखने को मिल रहा है, जिनका नाम पिछले काफी दिनों से भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि दोनों में से किसी ने भी इन खबरों की पुष्टि नहीं की, लेकिन महवश ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि झूठी खबरों और ऑनलाइन ट्रोलिंग ने उन्हें अंदर तक झकझोर कर रख दिया।

'कभी-कभी लगता था सब छोड़ दूं'

'द फ्री प्रेस जर्नल' के साथ बातचीत में महवश ने बिना चहल का नाम लिए बताया कि किस तरह सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और बेबुनियाद आरोपों ने उन्हें मानसिक रूप से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि कई बार उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि वो सबकुछ छोड़कर एक शांत और साधारण जिंदगी जीने निकल जाएं।

## फर्जी खबरों पर महवश की प्रतिक्रिया

महवश ने यह भी बताया कि जब कोई फर्जी खबर वायरल हो जाती है, तो उसके जवाब में कुछ कहने से पहले ही उन्हें रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा, 'हमारे साथ काम करने वाले लोग हमेशा कहते हैं कि अभी कुछ मत बोलो, शांत रहो। लेकिन कोई यह नहीं समझता कि जो कुछ हो रहा है, वो हमारे साथ हो रहा है। कई बार दिल करता है कि सोशल मीडिया पर लंबा पोस्ट लिखकर सब कुछ साफ कर दूं, लेकिन हर किसी को जवाब देना संभव नहीं होता।'

## प्यार पैसा प्रॉफिट से अभिनय में किया डेब्यू

आरजे महवश ने हाल ही में वेब सीरीज 'प्यार पैसा प्रॉफिट' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की है। इस शो को 7 मई को अमेजन पर रिलीज किया गया था। खास बात यह रही कि शो के रिलीज के समय युजवेंद्र चहल ने भी इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी डालकर महवश को सपोर्ट किया था, जिससे दोनों के रिश्ते की चर्चा और तेज हो गई। हालांकि इस पर अभी भी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।



# मुझे क्राइम मास्टर गोगो का रोल करना है: शरद केलकर

शरद केलकर को अक्सर इंडस्ट्री में पुलिस अफसर या इंटेंस किरदारों के लिए ही कास्ट किया गया है। मगर उनके मन में कुछ और ही चल रहा- वो ऑनस्क्रीन 'क्राइम मास्टर गोगो' बनना चाहते हैं।

बॉलीवुड में एक बार कोई इमेज बन जाए, तो उससे बाहर निकलना आसान नहीं होता। सिर्फ एक्शन ही करता है, सिरियस ही दिखता है, कॉमेडी से दूर रखो - ऐसी धारणाएं हर एक्टर को कभी न कभी झेलनी पड़ती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ एक्टर शरद केलकर के साथ। शरद केलकर को अक्सर इंडस्ट्री में पुलिस अफसर या इंटेंस किरदारों के लिए ही कास्ट किया गया है। मगर उनके मन में कुछ और ही चल रहा- वो ऑनस्क्रीन 'क्राइम मास्टर गोगो' बनना चाहते हैं।

बातचीत में शरद ने अपनी दिल की बात रखी। उन्होंने कहा, मैं क्राइम मास्टर गोगो का रोल करना चाहता हूं। अंदाज अपना अपना वाला। अब जाहिर है, मैं आमिर या सलमान तो बन नहीं सकता, पर क्राइम मास्टर गोगो जैसा किरदार करने में मुझे बड़ा मजा आएगा। शरद ने बताया कि कॉमेडी करने की उनकी बड़ी इच्छा है, लेकिन लोगों की बनी बनाई छवि की वजह से उन्हें ये चांस ही नहीं मिलता। पता नहीं क्यों, लोगों को लगता है मैं बहुत सीरियस आदमी हूं। जबकि रियल लाइफ में मैं पूरा मस्तीखोर हूं। अगर आप मेरी शूटिंग यूनिट या दोस्तों से पूछेंगे तो सब यही कहेंगे कि मैं सबसे ज्यादा जोक्स क्रैक करता हूं, सबसे ज्यादा मस्ती करता हूं। मैं तो खुद को भी कहता हूं कि मैं वो एक्टर हूं ही नहीं, जो लोग समझते हैं।

-साभार-एजेंसी

# यूएई ने शारजाह में रचा इतिहास



**शारजाह, एजेंसी।** हैदर अली (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात ( यूएई) ने शारजाह में तीसरे टी20 मुकाबले में 5 गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज को ऐतिहासिक रूप से 2-1 से अपने नाम कर लिया।

टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी और बांग्लादेश के खिलाफ पहली सीरीज जीत है। इससे पहले यूएई ने साल 2021 में आयरलैंड को इसी अंतर से हराया था। शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गए टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आए। बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा। कप्तान लिटन कुमार दास (14), मो. तौहीद हृदोय (शून्य), महेदी हसन (दो) और तंजिद हसन 18 गेंद पर (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद शमीम हुसैन (नौ), रिशाद हुसैन (छह) और जाकेर अली 34 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुये। यूएई के गेंदबाजों ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 162 के स्कोर पर रोक दिया। यूएईकी ओर से हैदर अली ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए। मतिउल्लाह खान और सगीर खान को दो-दो विकेट मिले।

अकिफ राजा और ध्रुव पराशर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में कप्तान मुहम्मद वसीम (नौ) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आलीशान शराफु ने मुहम्मद जोहैब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 44 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने मुहम्मद जोहैब (29) को बोल्ड इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद तंजीम अहमद ने राहुल चोपड़ा (13) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

इस दौरान दूसरे छोर पर खड़े आलीशान शराफु तेजी के साथ रन बनाते रहे। इसके बाद आसिफ खान ने आलीशान शराफ के साथ मोर्चा संभाला और टीम को ऐतिहासिक जीत की ओर ले गये। यूएई ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आलीशान शराफ ने 47 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 68) रन बनाये। आसिफ खान ने 26 गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए (41) रनों की नाबाद पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



आईपीएल 2025:

## जैकब बेथेल के जाने के बाद आरसीबी ने टिम सेफर्ट को टीम में किया शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की है। न्यूजीलैंड के धमाकेदार विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट को युवा इंग्लिश खिलाड़ी जैकब बेथेल के अस्थायी प्रतिस्थापन के रूप में टीम में शामिल किया गया है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट को इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल के स्थान पर अस्थायी रूप से टीम में शामिल करने की घोषणा की। बेथेल को इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी सेवाएं देनी हैं, जिसके चलते वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मुकाबले के बाद स्वदेश लौटेंगे। आरसीबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, न्यूजीलैंड के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट को जैकब बेथेल के स्थान पर आरसीबी में अस्थायी रूप से शामिल किया गया है। बेथेल सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हमारे मैच के बाद इंग्लैंड के लिए राष्ट्रीय ड्यूटी पर लौटेंगे।

**टिम सेफर्ट का अनुभव और प्रदर्शन**

30 वर्षीय टिम सेफर्ट एक अनुभवी टी20 खिलाड़ी हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इस दौरान 1540 रन बनाए हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग कौशल उन्हें एक मूल्यवान खिलाड़ी बनाता है। सेफर्ट इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए 2021 में और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए 2022 में खेल चुके हैं। वह 2 करोड़ रुपये की कीमत पर आरसीबी में शामिल होंगे और 24 मई से टीम के साथ जुड़ेंगे।

## दिल्ली कैपिटल्स के इस खिलाड़ी ने आचार संहिता का किया उल्लंघन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल की एक विज्ञप्ति में कहा गया, मुकेश कुमार ने अनुच्छेद 2.2 के लेवल एक के उल्लघंन को और मैच रेफरी का जुर्माना स्वीकार कर लिया है। आईपीएल 2025 में बुधवार को मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की की। हार के साथ-साथ दिल्ली के एक खिलाड़ी पर आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में भारी जुर्माना लगा है। दिल्ली के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मुकेश को अनुच्छेद 2.2 के अंतगत लेवल एक के उल्लघंन के लिए एक डिमेरिट अंक भी दिया गया जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को वानखेड़े में मुंबई इंडियंस से 59 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।



## धमाकेदार शुरुआत करने के बाद पटरी से उतर गई दिल्ली कैपिटल्स की गाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में दिल्ली कैपिटल्स टीम का प्लेऑफ में जाने का सपना टूट गया है। डीसी को आईपीएल 2025 के 63वें मैच में मुंबई इंडियंस ने 59 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही पांच बार की चैंपियन एमआई की टीम एक बार फिर प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। एमआई के लिए आईपीएल 2025 की शुरुआत जिस तरह से हुई थी, उसके अनुसार उनका प्लेऑफ तक पहुंचना सराहनीय है। वहीं, डीसी की गाड़ी अच्छी शुरुआत के बाद भी पटरी से उतर गई। आईपीएल 2025 में एक के बाद एक लगातार चार मैच जीतकर धमाकेदार शुरुआत करने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम एक समय शानदार लग रही थी। लेकिन उसके बाद उन्हें अहम मौकों पर हार का सामना करना पड़ा।

खास बात यह है कि डीसी को पहली हार एमआई के ही खिलाफ मिली थी। इस हार के बाद डीसी की लय कभी पहले जैसी नहीं रही। आईपीएल के इतिहास पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि अक्सर शानदार शुरुआत के बाद भी कई टीमों को प्लेऑफ में जाने में सफलता नहीं मिलती है। इसका बड़ा कारण लीग स्टेज का लंबा होना है। डीसी के साथ 2016 सीजन में भी ऐसा हो चुका है, जब यह टीम शुरुआत के 7 मैचों में 5 मुकाबले जीतने के बाद भी प्लेऑफ में नहीं जा पाई थी। बिल्कुल यही स्थिति सीजन 2022 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ थी। पंजाब किंग्स की टीम भी सीजन 2018 में शुरुआती छह मैचों में पांच जीत के बावजूद प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई थी। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2025 सीजन अधिक निराशाजनक साबित हुआ है। इसका कारण यह है कि वह पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने शुरुआत के लगातार चार मैच जीतने के बाद भी प्लेऑफ में जगह हासिल नहीं की।

# बहुत तकलीफ में हैं हिटमैन

### आईपीएल 2025 के बाद रोहित शर्मा का ऑपरेशन!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट करियर को अलविदा कहा है, वो पहले ही टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं. ऐसे में रोहित अब केवल ओडीआई मैच ही खेलेंगे. हिटमैन अभी आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं, जिसमें वो 11 मैचों में 300 रन बना चुके हैं. अब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि आईपीएल 2025 समाप्त होने के बाद रोहित बाईं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवा सकते हैं. चूंकि रोहित अब सिर्फ ओडीआई मैच खेलेंगे और टीम इंडिया की अगली वनडे सीरीज बांग्लादेश के खिलाफ है, जो 17 अगस्त से शुरू होगी. आईपीएल 2025 का समापन 3 जून को होगा और उसके बाद रोहित को सर्जरी से उबरने के लिए करीब ढाई महीने का समय मिल सकता है. क्रिकब्लॉगर के हवाले से एक सूत्र ने बताया, रोहित शर्मा अगर 2027 वर्ल्ड कप में खेलना चाहते हैं तो यह उनकी सर्जरी के लिए सबसे सही समय है. रोहित कप्तान होने की जिम्मेदारी के कारण इस चोट को कई सालों से ढो रहे हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद का शेड्यूल उन्हें सर्जरी से उबरने में मदद करेगा. इस मामले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड या रोहित शर्मा की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है.

### रोहित ने अब तक क्यों नहीं करवाई सर्जरी

रोहित शर्मा ने सर्जरी करवाने में देरी क्यों की? इस पर सूत्र ने बताया कि तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया की कप्तानी के कारण उनके कंधों पर जिम्मेदारियों का बोझ था. चूंकि अब उन्हें केवल ओडीआईफॉर्मेट पर ध्यान लगाना होगा, ऐसे में आईपीएल 2025 के बाद मिलने वाले ब्रेक का रोहित फायदा उठा सकते हैं. बताते चलें कि रोहित शर्मा पूरे आईपीएल 2025 में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलते आए हैं. वो ऐसा क्यों कर रहे हैं, इसकी वजह का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन हैमस्ट्रिंग इंजरी इसका एक मुख्य कारण हो सकती है.

## टॉटेनहॅम हॉटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीता

- फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया, ब्रेनन ने मैच का इकलौता गोल किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टॉटिनहॅम हॉटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने गुरुवार एथलेटिक बिलबाओ के सैन मैम्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया।

इसी के साथ टॉटिनहॅम का यूरोपीय ट्रॉफी के लिए 41 साल का इंतजार खत्म हो गया। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टॉटिनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। टॉटिनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। ब्रेनन जॉनसन ने मैच का इकलौता गोल किया। मैच में दोनों टीमों के लिए मौके बनाना मुश्किल था। हालांकि, 42वें मिनट में टॉटिनहॅम को सफलता मिल गई। ब्रेनन जॉनसन ने मैच के 42वें मिनट में गोल किया। गोल का जश्न मनाते ब्रेनन।

टॉटिनहॅम ने 17 साल बाद कोई मेजर ट्रॉफी जीती है। टीम ने अपना पिछला बड़ा खिताब 2008 में जीता था.

## आईपीएल के उभरते सितारे सूर्यवंशी और म्हात्रे इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल



**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के उभरते स्टार खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे को इंग्लैंड के आगामी दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। इन दोनों ने टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में अपने-अपने पक्ष के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। म्हात्रे इस दौरे पर टीम की अगुवाई करेंगे, जिसमें 24 जून से 23 जुलाई तक 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैचों की यूथ वनडे सीरीज और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच शामिल हैं। मुंबई के अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे का डिप्टी नियुक्त किया गया है। सूर्यवंशी ने महज 14 साल की उम्र में आईपीएल में सबसे कम उम्र के शतक बनाने के बाद सुर्खियां बटोरीं। पिछले साल की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। सात मैचों में, इस किशोर ने एक शतक और एक अर्धशतक सहित 252 रन बनाए हैं। दूसरी ओर, म्हात्रा को चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की चोट के कारण मध्य सत्र में टीम में शामिल किया गया था। 17 वर्षीय मुंबई के बल्लेबाज ने पीली जर्सी में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और चेन्नई की कमजोर बल्लेबाजी इकाई में तुरंत प्रभाव डाला है। सलामी बल्लेबाज ने छह मैचों में 206 रन बनाए हैं, जिसमें एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 94 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी भी शामिल है।

यह जोड़ी पिछले साल यूएई में अंडर-19 एशिया कप में भारत की उपविजेता टीम का भी हिस्सा थी। अन्य उल्लेखनीय चयन में पंजाब के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा और केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान शामिल हैं, दोनों ने चेन्नई और पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024 युवा श्रृंखला के दौरान प्रभावित किया।

**भारत अंडर19 टीमः**

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह। **स्टैंडबाय खिलाड़ी :** नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)।

### डब्ल्यूडब्ल्यूई के बाद

# हॉलीवुड में तबाही मचाने को तैयार रोमन रेंस, मिल सकता है ये बड़ा रोल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोमन रेंस को प्रोफेशनल रेसलिंग में एक बड़ा नाम माना जाता है और वह डब्ल्यूडब्ल्यूई के इतिहास में सबसे महान सुपरस्टार्स में से एक माने जाएंगे। उनकी लोकप्रियता ने उन्हें मनोरंजन जगत में भी एक बड़ा नाम बना दिया है। रोमन रेंस कुछ फिल्म प्रोजेक्ट्स में पहले भी नजर आ चुके हैं। पिछले साल एक बड़ी हॉलीवुड फिल्म में अपनी पहली प्रमुख भूमिका के बाद रेंस को एक और बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। 21 मई, 2025 को डेडलाइन ने रिपोर्ट किया कि रोमन रेंस लोकप्रिय वीडियो गेम स्ट्रीट फाइटर के लाइव-एक्शन वर्जन का हिस्सा बनने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

### अभी तक कुछ फाइनल नहीं

फाइटफुल के अनुसार, अभी तक कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है।उन्होंने फिल्म और गेमिंग इंडस्ट्री में इस बारे में जानकारी हासिल की।हालांकि, वे यह रिपोर्ट करने में सक्षम थे कि रेंस को अकुमा के किरदार के लिए विचार किया जा रहा है।वीडियो गेम्स में अकुमा एक भावहीन और शक्तिशाली योद्धा है।फरवरी में यह खबर आई थी कि डायरेक्टर किताओ सकुराई इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेंगे।उन्होंने डैनी और माइकल फिलिप्पो की जगह ली है, जो अप्रैल 2023 में इस प्रोजेक्ट से जुड़े थे।यह तब हुआ जब लेजेंडरी ने स्ट्रीट फाइटर आईपी के विशेष फिल्म और टीवी अधिकार हासिल कर लिए।

## 23 मई को नीरज और वेबर फिर आमने-सामने, दोनों ने दोहा में 90+ मीटर भाला फेंक कर मचाया था तहलका



**चोरजोव (पोलैंड), एजेंसी।** नीरज 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है। पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और जूलियन वेबर एक बार फिर आमने सामने होंगे। दोनों ही शुक्रवार को ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका, लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया।

### नीरज और वेबर के साथ होंगे पीटर्स

2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। ग्रेनाडा दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एड्रियन माडरि (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं।


### 90 मीटर फेंक कर राहत महसूस कर रहे नीरज

नीरज 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे।

# ओवल ऑफिस में एक और नाटकीय घटना, ट्रंप ने रामाफोसा को भी दिखाए तेवर

» वाशिंगटन, भाषा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यालय ओवल ऑफिस को एक तरह से अखाड़े में तब्दील कर दिया है और इसी तरह का एक और नाटकीय दृश्य बुधवार को भी देखने को मिला जो ट्रंप के हिसाब से भी असाधारण था। अमेरिका आए अपने मेहमान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा की मौजूदगी में ट्रंप ने बत्तियां बुझाने और वहां लाए गए एक टीवी पर वीडियो चलाने का आदेश दिया तथा इसी के साथ ओवल की कहानियों में एक नया प्रसंग जुड़ गया। ट्रंप टीवी पर दक्षिण अफ्रीका से जुड़ा एक वीडियो देख रहे थे जबकि रामाफोसा ने मुंह फेर रखा था।लगभग चार मिनट के वीडियो में अश्वेत नेताओं को श्वेत दक्षिण अफ्रीकी लोगों पर हमला करने के संबंध में रंगभेद विरोधी नारे लगाते दिखाया गया। इनमें एक भी नेता रामाफोसा की सरकार या राजनीतिक दल का नहीं था। वीडियो के अंत में पंक्तियों में लगे सफेद क्रॉस को दिखाया गया। ट्रंप ने कहा कि ये क्रॉस मारे गए श्वेत किसानों का प्रतीक हैं। ट्रंप ने कहा, यह एक भयानक दृश्य है। मैंने पहले ऐसा कुछ कभी नहीं देखा।



रामाफोसा नए व्यापार समझौते करने की उम्मीद लेकर आए थे लेकिन ट्रंप बैठक में इन आधारहीन आरोपों पर बात करना चाहते थे कि रामाफोसा के देश में श्वेत किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है एवं उनकी हत्याएं की जा रही हैं। रामाफोसा ने वीडियो पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं जानना चाहता हूं कि यह कहां हुआ? क्योंकि मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। इस घटना ने ओवल ऑफिस में लगभग तीन महीने पहले हुई ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की बैठक की याद दिला दी जिसमें दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई थी। हालांकि रामाफोसा और ट्रंप के बीच यह नाटकीय घटनाक्रम कटुता में नहीं बदला। ट्रंप ने वीडियो के अलावा कुछ कागज भी दिखाए और कहा कि ये श्वेत किसानों पर हमलों संबंधी रिपोर्ट के प्रिंटआउट हैं। ट्रंप ने कहा, मौत। मौत। भयानक मौत। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने दर्जनों श्वेत अफ्रीकी लोगों का शरणार्थी के रूप में अमेरिका में स्वागत किया है क्योंकि उन्हें अपने देश में भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है। रामाफोसा ने दक्षिण अफ्रीका में नरसंहार के आरोपों को खारिज कर दिया। रामाफोसा ने ट्रंप पर अकेले दबाव डालने के बजाय उन्हें अपने प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों की बात सुनने को कहा जिनमें पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी एर्नी एल्स और रीटिफ गूसेन भी शामिल थे। गोल्फ के शौकीन अमेरिकी राष्ट्रपति इस बात से प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा, वे चैंपियन हैं। मैं चैंपियन का सम्मान करता हूं। इसके अलावा श्वेत दक्षिण अफ्रीकी जोहान रूपर्ट भी प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे जो लग्जरी वस्तुओं के व्यापारी एवं दक्षिण अफ्रीका के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रूपर्ट ने कहा, हमारे यहां बहुत लोगों की मौतें होती हैं और मृतक सभी समुदायों के होते हैं। केवल श्वेत किसानों के साथ ही ऐसा नहीं होता। उन्होंने कमरे के दूसरी तरफ खड़े दक्षिण अफ्रीका में जन्मे अरबपति एलन मस्क द्वारा बनाई गई उपग्रह इंटरनेट सेवा का जिक्र करते हुए कहा कि हमें हर स्थानीय पुलिस थाने पर स्टारलिंक की आवश्यकता है। एलन मस्क ट्रंप के सलाहकारों में से एक रहे हैं और उनका दावा है कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका में काम करने का लाइसेंस इसलिए नहीं मिल सकता, क्योंकि वह श्वेत हैं। दक्षिण अफ्रीका का रंगभेद से जूझने का दर्दनाक इतिहास रहा है। दक्षिण अफ्रीका में नस्लवादी उत्पीड़न की व्यवस्था तीन दशक पहले समाप्त हो गई थी तथा सुलह के काफी हद तक सफल प्रयासों के बावजूद कुछ तनाव अब भी बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीका पर केंद्रित बैठक में उस समय थोड़ी देर के लिए व्यवधान पैदा हुआ जब ट्रंप से पेंटागन (अमेरिकी रक्षा मंत्रालय) द्वारा कतर से उपहारस्वरूप प्राप्त बोइंग 747 को औपचारिक रूप से स्वीकार करने के बारे में पूछा गया। ट्रंप ने इसका जिक्र करने वाले रिपोर्टर से कड़े शब्दों में कहा कि वह केवल श्वेत किसानों से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। रामाफोसा ने इस बातचीत के बीच मजाक करते हुए कहा, काश मेरे पास आपको देने के लिए विमान होता। इसके जवाब में ट्रंप ने भी कहा, काश आपके पास होता। मैं इसे ले लेता। रामाफोसा ने व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) से निकलने के बाद पत्रकारों से कहा कि वह इस बैठक से खुश हैं। उन्होंने कहा, आप नाटक और कोई बहुत बड़ी घटना देखना चाहते थे लेकिन मुझे खेद है कि हमने आपको इस मामले में कुछ हद तक निराश किया। हालांकि एक पत्रकार ने उनकी बात से असहमति जताते हुए कहा, मैं नहीं जानता कि आपके हिसाब से नाटक क्या है, लेकिन यह मेरे लिए और कमरे में मौजूद हर किसी के लिए बहुत नाटकीय था।

हमलावरों ने फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाए

## वाशिंगटन में यहूदी संग्रहालय के पास इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या

» वाशिंगटन, भाषा।

वाशिंगटन स्थित इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की बुधवार शाम एक यहूदी संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम से बाहर निकलते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना के संबंध में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है जिसने फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाए थे। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने मृतकों की पहचान यारोन लिशिंस्की और सारा मिलग्रिम के रूप में की। लिशिंस्की शोध सहायक थे और मिलग्रिम इजराइल में यात्राओं और मिशनों का आयोजन करती थीं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कैपिटल यहूदी संग्रहालय में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एक पुरुष और एक महिला बाहर निकल रहे थे तभी 30 वर्षीय संदिग्ध चार लोगों के एक समूह के पास पहुंचा और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। स्मिथ ने बताया कि संदिग्ध की पहचान शिकागो निवासी एलियास रोड्रिग्ज (30) के रूप में हुई है। उसे गोलीबारी से पहले संग्रहालय के बाहर घूमते हुए देखा गया था, गोलीबारी के बाद वह संग्रहालय के अंदर गया जहां सुरक्षाकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया। स्मिथ ने कहा कि जब उसे हिरासत में लिया गया तो उसने फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाए।



स्मिथ ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसा नहीं लगता कि समुदाय के लिए कोई खतरा है। इस हमले के बाद इजराइली दूतावासों ने अपनी सुरक्षा बढ़ा दी है। गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय में हुई है जब इजराइल ने हमास के साथ युद्ध में गाजा पट्टी में एक और बड़ा हमला किया है, जिससे पश्चिम एशिया में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सुबह सोशल मीडिया पर लिखा, ए हत्याएं स्पष्ट रूप से यहूदी विरोधी भावना पर आधारित हैं, ए अब समाप्त होनी चाहिए। नफरत और कट्टरपंथ के लिए अमेरिका में कोई स्थान नहीं है। पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना। बहुत दुख की बात है कि ऐसी चीजें हो सकती हैं भगवान, आप सभी का भला करे वहीं इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह यहूदी विरोधी भावना के कारण की गई गोलीबारी की भयानक घटना से स्तब्ध हैं। नेतन्याहू की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, हम यहूदी विरोधी भावना और इजराइल के खिलाफ उकसावे की भयानक कीमत देख रहे हैं। इसका मुकाबला किया जाना चाहिए....। अमेरिका में इजराइल के पूर्व राजदूत माइक हर्जोग ने इजराइली आर्मी रेडियो को बताया कि इस घटना में मारी गई महिला अमेरिकी कर्मचारी थी और पुरुष इजराइली था। अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने कहा कि वह पूर्व न्यायाधीश जीनिन पीरो के साथ घटनास्थल पर थीं। पीरो वाशिंगटन में अमेरिकी अटॉर्नी के पद पर कार्यरत हैं। नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उन्होंने बॉन्डी से बात की जिन्होंने उन्हें बताया कि ट्रंप घटना के संबंध में जानकारी ले रहे हैं और अमेरिका अपराधी को न्याय के दायरे में लाएगा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि रोड्रिग्ज के पास कोई वकील है या नहीं जो उसका पक्ष रख सके। एफबीआई के उप निदेशक डैन बोंगिनो ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा प्रारंभिक संकेतों से ऐसा लगता है कि यह लक्षित हिंसा का कृत्य है। समाचार चैनल अल जजीरा ने अपनी खबर में फुटेज प्रसारित किया जिसमें कथित बंदूकधारी को सुरक्षा कर्मी खींचकर ले जाते दिख रहे हैं। यह फुटेज शायद मोबाइल फोन से बनाया गया है। बंदूकधारी ने सूट जैकेट और पैंट पहन रखी है तथा उसके हाथ उसकी पीठ के पीछे हैं। अमेरिका में इजराइल के राजदूत एचिएल लेइटर ने कहा कि मारे गए दोनों लोग शीघ्र सगाई करने वाले थे।

## ब्रिटेन की अदालत ने चागोस द्वीपसमूह मॉरीशस को सौंपे जाने संबंधी समझौते पर लगी रोक हटाई



**लंदन, (भाषा)।** ब्रिटेन की एक अदालत ने विवादित चागोस द्वीप समूह को मॉरीशस को सौंपने पर ब्रिटिश सरकार द्वारा लगाई गई रोक हटा दी है। दोनों देशों के नेताओं द्वारा बृहस्पतिवार को समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने से कुछ घंटे पहले, उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने हस्तांतरण पर रोक लगाने के लिए एक अस्थाई आदेश जारी किया था। हालांकि सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने कहा कि रोक हटा दी जानी चाहिए। ब्रिटेन ने हिंद महासागर के इस द्वीपसमूह को मॉरीशस को सौंपने पर सहमति जताई है। यहां सबसे बड़े द्वीप डिएगो गार्सिया पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नौसैनिक और बमवर्षक अड्डा है। इसके बाद ब्रिटेन कम से कम 99 वर्षों के लिए इस अड्डे को पुनः पट्टे पर ले सकेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन से इस संबंध में परामर्श लिया गया था और उसने अपनी स्वीकृति दे दी, लेकिन लागत को लेकर अंतिम क्षणों में बातचीत के बाद सौदे को अंतिम रूप देने में देरी हुई। बृहस्पतिवार सुबह एक डिजिटल समारोह में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम को सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर करने थे। उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने लेकिन समझौते पर रोक लगाते हुए निषेधाज्ञा जारी कर दी। द्वीप के मूल निवासियों का प्रतिनिधित्व करने वाली दो महिलाओं के दावे पर यह फैसला आया। इस द्वीप के मूल निवासियों को अमेरिकी बेस बनाने का रास्ता साफ करने के लिए दशकों पहले निकाल दिया गया था। ब्रिटिश नागरिक बर्नाडेट डुगासे और बर्ट इस पोंप को आशंका है कि द्वीपसमूह के मॉरीशस के नियंत्रण में आने के बाद उनका लौटना और भी मुश्किल हो जाएगा।

## विदेश सचिव मिसरी जापान पहुंचे, आतकंवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के संदेश से अवगत कराया

**तोक्यो।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बृहस्पतिवार को जापान के विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के संदेश से अवगत कराया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत-जापान सहयोग पर चर्चा की। जापान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मिसरी ने जापान के वरिष्ठ उप विदेश मंत्री हिरोयुकी नमाजू से मुलाकात की तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत-जापान सहयोग और साझा हितों के अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मिसरी ने यहां जापान के विदेश मामलों के उपमंत्री ताकेहिरो फुनाकोशी से भी मुलाकात की। दूतावास ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा,चर्चा में भारत जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के संदेश से अवगत कराया गया।

## पाकिस्तान में 100 साल पुराने हिंदू मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा: हिंदू समुदाय के प्रमुख

» कराची।, भाषा।

**पाकिस्तान में सिंध प्रांत के टांडो जाम कस्बे के पास जिस जमीन पर 100 साल पुराना शिव मंदिर है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और उसके आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा, मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है और मंदिर के आसपास की भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। साथ ही शिव मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग और प्रवेश को बाधित किया है।**

काच्छी ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी करके घटना की जानकारी दी। काच्छी ने कहा कि शिव मंदिर के कामकाज और मंदिर के आसपास लगभग चार एकड़ जमीन की देखरेख का जिम्मा एक समिति के पास था। यह स्थान कराची से लगभग 185 किलोमीटर दूर टांडो जाम कस्बे के पास मूसा खटियन गांव में है। उन्होंने कहा कि मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के कारण सिंध विरासत विभाग की एक टीम ने पिछले वर्ष इसका जीर्णोद्धार किया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के निकट ही समुदाय के लोगों के अंतिम संस्कार के लिए एक शमशान भी है। मंदिर में प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालु भजन-कीर्तन भी करते हैं। संगठन प्रमुख ने कहा, भू-माफिया ने मंदिर के आसपास की काफी भूमि पर कब्जा कर लिया है और इसके चारों ओर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

न्यूज ब्रीफ

## पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग के कर्मचारी को निष्कासित किया

» इस्लामाबाद, भाषा।




**पाकिस्तान सरकार ने भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को निष्कासित करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक पाकिस्तानी अधिकारी को जासूसी में संलिप्तता के आरोप में बुधवार को निष्कासित कर दिया था। भारत में पिछले एक सप्ताह में निष्कासन का यह दूसरा मामला है। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी को उसके आधिकारिक दायित्व से इतर गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है और उसे 24 घंटे में भारत छोड़ने को कहा गया है। भारत ने 13 मई को भी एक पाकिस्तानी अधिकारी को जासूसी में कथित रूप से लिप्त रहने पर निष्कासित कर दिया था।**

भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने भी इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में तैनात एक भारतीय कर्मचारी को निष्कासित कर दिया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को उसकी विशेषाधिकार प्राप्त स्थिति के प्रतिकूल गतिविधियों में लिप्त होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया है। संबंधित अधिकारी को 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश दिया गया है। भारतीय प्रभारी उच्चायुक्त को इस निर्णय से अवगत कराने के लिए विदेश मंत्रालय बुलाया गया। बयान के अनुसार इस बात पर जोर दिया गया कि भारतीय उच्चायोग के किसी भी राजनयिक या कर्मचारी को अपने विशेषाधिकारों और स्थिति का किसी भी तरह से दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद से भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ गया है।

## नेतन्याहू ने गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए नई योजना लागू करने की घोषणा की

» दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), भाषा।

**इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की है कि उनका देश कुछ दिन में गाजा में नई सहायता प्रणाली लागू करेगा जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना की जा रही है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल गाजा हमास से मुक्त एक क्षेत्र बनाने की योजना बना रहा है, जहां युद्ध के दौरान विस्थापित हुई आबादी को लाया जाएगा और उन्हें आवश्यक सहायता आपूर्ति की जाएगी। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को कहा कि वह इस सप्ताह गाजा में पहुंची अत्यंत आवश्यक सहायता को फलस्तीनियों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। दरअसल, लूटपाट की आशंका और इजराइली सैन्य प्रतिबंधों के कारण इसमें देरी हुई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बुधवार को इजराइली हमलों में कम से कम 86 लोग मारे गए। युद्ध विराम वार्ता में कोई प्रगति न होने के बीच नेतन्याहू ने कहा कि वह युद्ध तभी समाप्त करेंगे जब हमास सभी बंधकों को रिहा कर देगा, सत्ता से हटेगा और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा के बाहर क्षेत्र की आबादी को स्थानांतरित करने की योजना लागू की जाएगी।**

फलस्तीनियों और लगभग पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने गाजा से फलस्तीनी लोगों को हटाने और क्षेत्र को अमेरिकी नियंत्रण में रखने की ट्रंप की योजना को अस्वीकार कर दिया है।



इजराइल ने लगभग तीन महीने तक सभी खाद्य, दवा, ईंधन और अन्य सामग्रियों की आपूर्ति को रोके रखने के बाद अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण दर्जनों सहायता ट्रकों को गाजा में जाने की अनुमति दे दी। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि सोमवार से अब तक आई अधिकतर सामग्री को संयुक्त राष्ट्र के ट्रकों में भर दिया गया है लेकिन उन्हें सीमा पार नहीं ले जाया जा सका। उन्होंने कहा कि जिस सड़क का इस्तेमाल करने की इजराइली सेना ने उन्हें अनुमति दी है वह बहुत असुरक्षित है। बाद में संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात को एक दर्जन से अधिक ट्रक मध्य गाजा के गोदामों में पहुंच गए। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर जानकारी दी। इजराइल ने कहा कि बुधवार को 100 ट्रक गाजा में प्रवेश कर गए। इजराइल ने कहा है कि नाकाबंदी में थोड़ी ढील कुछ समय के लिए है और बाद में उसकी नई सहायता प्रणाली लागू करने की योजना है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य मानवीय समूहों ने इस प्रणाली को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि यह प्रणाली इजराइल को सहायता आपूर्ति को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने और आबादी को जबरन विस्थापित करने में सक्षम बनाती है। नेतन्याहू ने संवाददाताओं से कहा कि यह योजना आने वाले दिनों में में लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि दक्षिणी गाजा में हमास से मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा, आबादी को उसकी सुरक्षा के उद्देश्य से वहां ले जाया जाएगा और वहीं उन्हें सहायता सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

### इस सप्ताह गाजा आई कोई भी सहायता फलस्तीनियों तक नहीं पहुंची : संयुक्त राष्ट्र




**दीर अल-बलाह (गाजा)।** संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को कहा कि वह इस सप्ताह गाजा आई अत्यंत आवश्यक सहायता को फलस्तीनियों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। लूटपाट की आशंका और इजराइली सैन्य प्रतिबंधों के कारण जरूरी सहायता सामग्री के गाजा पहुंचने देरी हो रही है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल के हमलों में बीते 24 घंटों में कम से कम 82 लोग मारे गए। लगभग तीन महीने तक सभी खाद्य, दवा, ईंधन और अन्य सामग्री की आपूर्ति पर रोक लगाने के बाद इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय दबाव में दर्जनों सहायता ट्रकों को गाजा में जाने की अनुमति दे दी है। हालांकि ये सामग्री इजराइल के साथ लगती केरेम शालोम क्रॉसिंग की तरफ गाजा की ओर पड़ी हुई है और संयुक्त राष्ट्र उन्हें वितरित करने के लिए आगे ले जाने में असमर्थ है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि सोमवार से अब तक आई अधिकतर सामग्री को संयुक्त राष्ट्र के ट्रकों में भर दिया गया है लेकिन उन्हें सीमा पार नहीं ले जाया जा सका। उन्होंने कहा कि इजराइली सेना ने उन्हें जिस सड़क का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है वह बहुत असुरक्षित है। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक मार्ग के लिए बातचीत जारी है।

## उत्तर कोरिया का नया युद्धपोत अपने जलावतरण समारोह के दौरान क्षतिग्रस्त

» सियोल, भाषा।

**उत्तर कोरिया की नौसेना के लिए अहम 5,000 टन वजनी एक नया विध्वंसक युद्धपोत अपने जलावतरण समारोह के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया। इस कार्यक्रम में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन भी शामिल हुए थे। सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, युद्धपोत जलावतरण के समय रैंप से फिसल गया और फंस गया जिससे युद्धपोत का संतुलन बिगड़ गया और उसका निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।**

चोंगजिन के उत्तर-पूर्व बंदरगाह पर बुधवार को आयोजित समारोह में हुई दुर्घटना किम के लिए एक शर्मनाक झटका मानी जा रही है। किम अपनी परमाणु-सशस्त्र सेना के लिए नौसेना को मजबूत करने को महत्वपूर्ण बताते रहे हैं। किम ने सैन्य अधिकारियों, वैज्ञानिकों और शिपयार्ड संचालकों को इस घटना के लिए दोषी ठहराया। उन्होंने इस घटना के लिए घोर लापरवाही, गैरजिम्मेदारी और वैज्ञानिक समझ की कमी को जिम्मेदार बताते हुए इसे एक गंभीर दुर्घटना और आपराधिक कृत्य बताया।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2019 में 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस घोषित किया था

## अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**भारत ने अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के उपलक्ष्य पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी कर भारतीय चाय की खुशबू एवं स्वाद से संस्था के सदस्यों का परिचय कराया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदायों को सशक्त बनाने और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इस पेय पदार्थ के योगदान को रेखांकित करना था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन ने बुधवार को आजीविका के लिए चाय, सतत विकास लक्ष्यों के लिए चाय विषय पर एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया।**




चाय, पानी के बाद दुनिया में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला पेय पदार्थ है। चाय की चुस्की के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया और मेहमानों ने प्रसिद्ध दार्जिलिंग चाय, मसाला चाय, असम और नीलगिरि चाय सहित विभिन्न प्रकार की भारतीय चाय का आनंद लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश, न्यूयॉर्क स्थित एफएओ (खाद्य एवं कृषि संगठन) संयुक्त राष्ट्र संपर्क कार्यालय की निदेशक एंजेलिका जैकोम तथा केन्या, श्रीलंका एवं चीन समेत अन्य प्रमुख चाय उत्पादक देशों के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए तथा चाय उत्पादकों, विशेषकर छोटे चाय किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। हरीश ने इस मौके पर कहा, भारत में चाय की कहानी केवल व्यापार और स्वाद ही नहीं बल्कि बदलाव की भी कहानी है। उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में असम की कोहरे भरी पहाड़ियों से शुरू होकर दार्जिलिंग और नीलगिरि की ढलानों तक फैला भारत का चाय उद्योग ग्रामीण रोजगार, महिला सशक्तीकरण और निर्यात आधारित विकास का आधार बन गया है। भारत द्वारा अक्टूबर 2015 में एफएओ के चाय संबंधी अंतर-सरकारी समूह (आईजीजी) में पेश किए गए प्रस्ताव के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2019 में 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस घोषित किया था। भारत वैश्विक स्तर पर चाय के सबसे बड़े उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं में से एक है और यह क्षेत्र सीधे 15 लाख से अधिक श्रमिकों को रोजगार देता है जिनमें से अधिकतर महिलाएं हैं। हरीश ने कहा, इनमें से कई समुदायों के लिए चाय केवल एक उत्पाद नहीं है। यह जीवन जीने का एक तरीका है। सम्मान, अवसर और उम्मीद का स्रोत है। उन्होंने चाय उद्योग के सामने आने वाली जटिल चुनौतियों की ओर भी ध्यान दिलाते हुए कहा, जलवायु परिवर्तन इस उद्योग को प्रभावित कर रहा है और लागत भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव और संरचनात्मक असमानताएं छोटे किसानों के लिए चुनौतियां पैदा करती है। उन्होंने कहा, श्रमिकों और उत्पादकों दोनों के लिए काम करने की स्थितियों में सुधार और समान लाभ सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता है।

## अमेरिका की गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली में शामिल होने पर बातचीत कर रहा कनाडा: कार्नी

» टोरंटो, भाषा।

**कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भावी गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर अमेरिका से बातचीत कर रही है। कुल 175 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाली यह बहुस्तरीय प्रणाली अमेरिकी हथियारों को पहली बार अंतरिक्ष में ले जाएगी। ट्रंप ने उम्मीद जताई थी कि 2029 में उनके कार्यकाल के अंत तक यह प्रणाली पूरी तरह से लागू हो जाएगी। कार्नी ने कहा, क्या यह कनाडा के लिए अच्छा विचार है? हां, कनाडाई लोगों की सुरक्षा के लिए कदम उठाना अच्छी बात है। उन्होंने इस बारे में ट्रंप से बातचीत की पुष्टि करते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की जा रही है।**

ट्रंप ने बताया कि कनाडा सरकार ने उनके प्रशासन से संपर्क कर संकेत दिया है कि वह इस कार्यक्रम में शामिल होना चाहती है और वह ओटावा के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कनाडा इसमें उचित योगदान दे। गोल्डन डोम के तहत किसी संभावित हमले के सभी चार प्रमुख चरणों में मिसाइलों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए जमीन एवं अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं को मजबूत करने की परिकल्पना की गई है। ए चार चरण हैं- प्रक्षेपण से पहले मिसाइल का पता लगाना एवं उन्हें नष्ट करना, उड़ान के शुरुआती चरण में उन्हें रोकना, हवा में उन्हें बीच में ही रोक देना या लक्ष्य की ओर पहुंचते समय अंतिम मिनटों में उन्हें रोकना। कार्नी ने कहा, हम इस पर विचार कर रहे हैं और इस पर उच्च स्तर पर चर्चा की गई हैं। कार्नी ने सचेत किया कि कनाडा को निकट भविष्य में संभावित मिसाइल खतरों का सामना करना पड़ सकता है।



मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,